हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शनिवार, 1 मार्च 2025 अंक 138/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप स्वास्थ्य से परेशान हो ?

सर्दी खासी सिनेमाईटिस ✲ ॲलर्जिक राईनिटिस ✲ क्रॉनिक ब्रॉन्काईटिस ✲ इसिनोफिलीया ✲ ब्रॉनकियल ब्रॉनकाईटस ✲ कॉरपुलमनेल (कार्डियल) पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअस्नेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# उत्तराखंड के चमोली में भीषण हिमस्खलन

## 41 मजदूर फंसे, मौसम खराब होने से राहत और बचाव में परेशानी





'चमोली के माणा स्थित बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के कैंप के पास यह हिस्खलन की घटना हुई है। 10 मजदूरों को बचा लिया गया है। इलाके में लगातार बर्फबारी हो रही है।'

**चमोली.**

उत्तराखंड के चमोली में भीषण हिमस्खलन में 57 मजदूर दब गए। जिस इलाके में हिमस्खलन हुआ वहां सड़क निर्माण का काम चल रहा था। चमोली के माणा स्थित बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के कैंप के पास ग्लेशियर फटने से यह बड़ा हादसा हुआ। 57 में से 16 मजदूरों को बचा लिया गया है। मौके पर राहत और बचाव दल को भेजने की कोशिश जारी है। भारी बर्फबारी के चलते राहत और बचाव कार्य शुरू करने में परेशानी आ रही है। घायल मजदूरों को माणा आर्मी कैंप में भेजा गया, पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता आईजी नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि बार्डर इलाके माणा में सीमा सड़क संगठन के कैंप के पास भीषण हिमस्खलन हुआ है।

इस हिमस्खल की चपेट में आकर 57 मजदूर फंस गए। इनमें से 16 मजदूरों को बचा लिया गया है। हालत गंभीर होने के चलते इन्हें माणा के पास आर्मी के कैंप में भेज दिया गया है। इस बीच, सीमा सड़क संगठन के अधिशासी अभियंता सी आर मीना ने बताया कि मौके पर 57 मजदूर मौजूद थे। तीन से चार एंबुलेंस भी भेजी गई हैं, लेकिन भारी बर्फबारी के कारण बचाव दल को वहां पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लगातार बर्फबारी से बढ़ी मुश्किलें, चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने बताया था कि चमोली जिले में माना गांव से आगे ग्लेशियर फटने से 57 मजदूर फंसे हुए हैं। मौसम खराब होने की वजह से फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं हो पाया है। इलाके में लगातार बर्फबारी हो रही है। इस वजह से हेलीकॉप्टर वहां नहीं जा सकता है। जहां पर ग्लेशियर फटा है वह ऐसा इलाका है जो नो नेटवर्क जोन है। सेटेलाइट फोन भी वहां पर काम नहीं कर रहे हैं। हादसे का शिकार हुई टीम के साथ कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। हमारी कोशिश है कि सभी को रेस्क्यू किया जा सके। अब तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। इस बारे में ताजा अपडेट मिलने पर मीडिया को सूचित किया जाएगा।

### सीएम धामी ने हादसे पर जताया दुख



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'जनपद चमोली में माणा गांव के निकट बीआरओ ने किया संचालित निर्माण कार्य के दौरान हिमस्खलन की वजह से कई मजदूरों के दबने का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। आईटीबीपी, बीआरओ और अन्य बचाव दलों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा रहा है। भगवान बदरी विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं। इस एनडीआरएफ की टीम को भी घटनास्थल की ओर मूव कर दिया गया है। बदरीनाथ हाईवे के हनुमान चट्टी से आगे बर्फबारी के कारण मार्ग अवरुद्ध होने से एनडीआरएफ की टीम माणा कैंप तक भी नहीं पहुंच पाई है।

# नागपुर जिला कलेक्टर कार्यालय जन-उन्मुख, गतिशील और पारदर्शी प्रशासन के लिए प्रथम स्थान

## मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने कलेक्टर डॉ.विपिन इटनकर को बधाई पत्र भेजा

**नागपुर.**



सरकार के साथ आम आदमी का काम सुचारू रूप से चले, प्रशासन जन-उन्मुख, तत्पर और पारदर्शी हो, इस पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने 100 दिवसीय विशेष कार्यालय सुधार अभियान चलाने का निर्देश दिया था. इस निर्देश के तहत राज्य के सभी कलेक्टर कार्यालयों ने इस अभियान के तहत जिले में प्रशासनिक कार्यालय सुधारों के संबंध में एक प्रस्तुति दी थी। राज्य स्तर पर व्यापक समीक्षा बैठक में प्रत्येक जिले की प्रस्तुति की समीक्षा करके नागपुर जिला कलेक्टर कार्यालय को राज्य में प्रथम रैंक प्राप्त हुआ. मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर और पूरी टीम को बधाई।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस के कुशल नेतृत्व में नागपुर जिले के विकास के लिए कई नवीन विकास योजनाएं लागू की जा रही हैं। इसमें आम जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न अत्याधुनिक प्रणालियों और सुविधाओं का निर्माण, एग्रीस्टॉक और अन्य कृषि योजनाओं के माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं की सुविधाएं, अंतरराष्ट्रीय यात्री और माल परिवहन हब को बढ़ावा देना, हवाई अड्डे यानी मिहान परियोजना, खनन विकास, वन और पर्यटन, होटल उद्योग, पशुपालन, कौशल विकास और प्रशिक्षण, सेवा क्षेत्र जैसे सभी क्षेत्रों में सुधार के लिए जिला प्रशासन की सभी टीमें एकजुट भावना से काम कर रही हैं। हम उन सभी के सहयोग और पालक मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले के मार्गदर्शन से अधिक जिम्मेदार प्रशासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कलेक्टर डॉ.विपिन इटनकर ने कहा कि नागपुर जिला प्रशासन को मिला पहला पुरस्कार सभी के सहयोग का प्रतीक है।

### सीएम के ऑफिस को बम से उड़ा देंगे

# पाकिस्तानी नंबर से मुंबई पुलिस को मिली धमकी



**मुंबई.**

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस को एक बार फिर धमकी मिली है। इस बार मुंबई में मुख्यमंत्री कार्यालय पर बम से हमला करने की धमकी भरा एक वॉट्सऐप मैसेज मिला है। इस वॉट्सऐप मैसेज ने राज्य में हड़कंप मचा दिया है। मुंबई पुलिस को मिली धमकी, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को वॉट्सऐप पर यह धमकी भरा मैसेज मिला है। वर्ली पुलिस ने धमकी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ट्रैफिक पुलिस को यह धमकी भरा संदेश वॉट्सऐप पर एक पाकिस्तानी नंबर से मिला। कल दोपहर को संदेश मिलने के बाद पुलिस जांच विभाग अलर्ट मोड पर है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि संदेश भेजने वाला व्यक्ति भारत से है या बाहर से।

### वॉट्सऐप पर दी धमकी

पुलिस विभाग वॉट्सऐप संदेश के स्थान की जांच कर रहा है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि व्हाट्सएप संदेश पाकिस्तान के किस स्थान से आया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सुरक्षा विभाग को पाकिस्तान से आए वॉट्सऐप संदेश के बारे में सूचित कर दिया गया है। महाराष्ट्र पुलिस और केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वॉट्सऐप संदेश धमकी मामले की संयुक्त जांच शुरू कर दी है।

# यूपी-बिहार में देर रात लगे भूकंप के तेज झटके

**सिंधुपालचौक.** देर रात यूपी और बिहार दोनों राज्यों के कई हिस्सों में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। वहीं भूकंप की वजह से लोगों को घरों से बाहर निकलना पड़ा। हालांकि अभी तक इस भूकंप से किसी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सुबह 2.51 बजे काठमांडू से 65 किमी पूर्व में सिंधुपालचौक जिले में कोडारी राजमार्ग पर रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। देर रात एक के बाद एक दो झटके महसूस किए गए। एक भूकंप का केंद्र नेपाल की राजधानी काठमांडू के पास रहा तो वहीं दूसरा बिहार बॉर्डर के पास। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता क्रमश: 6.1 और 5.5 मापी गई है। हाल के दिनों में देश-दुनिया के कई इलाकों में भूकंप की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हमारी धरती के भीतर 7 टेक्टोनिक प्लेट्स हैं। ये प्लेट्स लगातार अपने स्थान पर घूमते रहती हैं।

# सत्र अदालत के आदेश पर हाईकोर्ट ने जताई हैरानी

## कहा- मामला विचाराधीन है, अक्षय शिंदे के एनकाउंटर का मामला



**मुंबई.** बांबे हाईकोर्ट ने सत्र अदालत के उस आदेश को चौंकाने वाला बताया है, जिसमें उसने बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी की मुठभेड़ की वास्तविकता पर सवाल उठाने वाले मजिस्ट्रेट के निष्कर्षों को स्थगित रखने का आदेश दिया था। मजिस्ट्रेट ने माना था कि आरोपी अक्षय शिंदे को ले जा रहे पांच पुलिसकर्मी स्थिति को नियंत्रित कर सकते थे। पुलिस के अनुसार, जब वे शिंदे को तलोजा जेल से पूछताछ के लिए ठाणे जिले के कल्याण ले जा रहे थे, तो उसने गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में उसे गोली मार दी। पुलिस ने दी थी रिपोर्ट को चुनौती, पुलिसकर्मियों द्वारा मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट को चुनौती दिए जाने के बाद ठाणे सत्र अदालत ने एक अंतरिम आदेश में उनके पुनरीक्षण आवेदन की अंतिम सुनवाई तक उनके निष्कर्षों को स्थगित रखा। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ गुरुवार को आरोपी के पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दावा किया गया था.

### यौन उत्पीड़न का आरोपी था शिंदे

बता दें कि अक्षय शिंदे को अगस्त 2024 में ठाणे जिले के बदलापुर में एक निजी स्कूल के शौचालय में दो किंडर गार्टन छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह स्कूल में सहायक था। एक मुठभेड़ में 23 सितंबर 2024 को उसकी मौत हो गई थी। पुलिस का दावा है कि उसने पुलिस वैन में मौजूद एक पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर गोली चलाई। इस दौरान जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया।

# यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष से प्रधान और चौधरी की मुलाकत

## रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली.**



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष रोक्साना मिंजातु से मुलाकात की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने खुद यह जानकारी दी है। ''अपने मंत्रिस्तरीय सहयोगी जयंत चौधरी के साथ यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष (स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण रोजगार और सामाजिक अधिकार) रोक्साना मिंजातु व उनके प्रतिनिधिमंडल से मिलकर प्रसन्नता हुई। मैं भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को और अधिक सक्रिय बनाने तथा नए प्रतिमान बनाने के बारे में उनके विचारों की सराहना करता हूं।'' भारत और यूरोपीय संघ के बीच एकेडमिक, स्किल डेवलपमेंट पर बातचीत प्रधान ने आगे लिखा है, ''हमने संभावित साझेदारी के साथ-साथ भारत और यूरोपीय संघ के बीच एकेडमिक, रिसर्च और स्किल डेवलेपमेंट पर जरूरी बातचीत की।'' एक अन्य ट्वीट में केंद्रीय मंत्री ने लिखा है, ''पारस्परिक रूप से लाभकारी क्षेत्रों जैसे महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी, एआई छात्रों की दो-तरफा गतिशीलता को बढ़ावा देने, फैकल्टी/टीचर के आदान-प्रदान, हमारे विश्वविद्यालयों के बीच ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के लिए शैक्षिक और कौशल संस्थानों के बीच साझेदारी बनाने की अपार संभावनाएं हैं। रोक्साना मिंजातु ने हमें यूरोपीय संघ के इरास्मस और होराइजन कार्यक्रमों के साथ-साथ यूरोपीय संघ की प्राथमिकताओं के बारे में भी जानकारी दी।

### नई शिक्षा नीति में भी स्किल डेवलपमेंट पर जोर

*गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति में भी स्किल डेवलेपमेंट पर जोर दिया गया है। गुरुवार को आयोजित हुए इंडिया टीवी स्पीड न्यूज एजुकेशन कॉन्क्लेव में देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति से लेकर अन्य सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा व्यवस्था में काफी बदलाव आएगा। धर्मेंद्र प्रधान ने कोचिंग सेंटर्स के बारे में कहा कि उनके लिए गाइडलाइन दी गई है। केंद्र ने राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। धर्मेंद्र प्रधान ने एनईपी को लेकर तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के विरोध से जुड़े सवाल पर कहा कि तमिलनाडु के सीएम अपनी नाकामी को छिपाने के लिए नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का विरोध कर रहे हैं। एनईपी कहता है कि पढ़ाई मातृभाषा में होनी चाहिए।*

# देश में रमज़ान का चांद, कल से पहला रोज़ा

**नई दिल्ली.**

शुक्रवार को रमज़ान का चांद नजर नहीं आया है। दिल्ली के जामा मस्जिद के इमाम की तरफ से ऐलान किया गया है कि रविवार को पहला रोज़ा रखा जाएगा। शनिवार शाम चांद दिखने के साथ ही रमज़ान का महीना शुरू हो जाएगा। दुनियाभर के मुसलमान साल के सबसे पवित्र महीने रमज़ान के पहले दिन की तैयारी कर रहे हैं। अर्धचंद्राकार चांद दिखने के साथ ही रमज़ान के महीने में रोज़ा रखा जाएगा। ऐसे में शनिवार को चांद दिखने की पूरी संभावना है। रमज़ान इस्लामी कैलेंडर के नौवें महीने की शुरुआत और सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच 29 से 30 दिनों के उपवास की अवधि की शुरुआत का प्रतीक है।

# मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं, अस्पताल में डॉक्टर नहीं

## कोरोना काल में गड़बड़ी, दिल्ली सीएजी रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

**नई दिल्ली.**




दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 से निपटने के लिए केंद्र सरकार से मिले 787.91 करोड़ रुपये में से सिर्फ 582.84 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए, जबकि बाकी राशि बिना उपयोग के रह गई।

इसके चलते कोरोना संकट के दौरान जरूरी सुविधाओं की भारी कमी रही। फंड की अनदेखी और भ्रष्टाचार के आरोप, रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य कर्मचारियों की भर्ती और वेतन के लिए मिले 52 करोड़ रुपये में से 30.52 करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किए गए। इससे साफ है कि सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त भर्ती नहीं की, जिससे महामारी के दौरान लोगों को इलाज में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसी तरह दवाओं, पीपीई किट और अन्य मेडिकल सप्लाई के लिए मिले 119.85 करोड़ में से 83.14 करोड़ रुपये खर्च ही नहीं हुए। सरकारी अस्पतालों में बेड की भारी कमी, दिल्ली सरकार ने 2016-17 से 2020-21 के बीच 32,000 नए बेड जोड़ने का वादा किया था, लेकिन सिर्फ 1,357 बेड ही जोड़े गए, जो कि कुल लक्ष्य का मात्र 4.24% है। राजधानी के कई अस्पतालों में बेड की भारी कमी देखी गई, जहां बेड ऑक्यूपेंसी 101% से 189% तक रही, यानी एक ही बेड पर दो-दो मरीजों को रखा गया या मरीजों को फर्श पर इलाज कराना पड़ा।

अस्पतालों की परियोजनाओं में देरी और लागत में भारी इजाफा रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि दिल्ली में तीन नए अस्पताल बनाए गए, लेकिन सभी प्रोजेक्ट पहले की सरकार के कार्यकाल में शुरू हुए थे। इनके निर्माण में 5 से 6 साल तक की देरी हुई और लागत भी बढ़ गई।

इंदिरा गांधी अस्पताल: 5 साल की देरी, लागत 314.9 करोड़ रुपये बढ़ी। बुराड़ी अस्पताल: 6 साल की देरी, लागत 41.26 करोड़ रुपये बढ़ी। एमए डेंटल अस्पताल (फेज-2): 3 साल की देरी, लागत 26.36 करोड़ रुपये बढ़ी।

### डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य विभागों में 8,194 पद खाली पड़े हैं। नर्सिंग स्टाफ की 21% और पैरामेडिकल स्टाफ की 38% कमी है। राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और जनकपुरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डॉक्टरों की 50-74% कमी पाई गई। नर्सिंग स्टाफ की 73-96% तक भारी कमी दर्ज की गई। सर्जरी के लिए लंबा इंतजार, कई उपकरण खराब लोक नायक अस्पताल में बड़ी सर्जरी के लिए 2-3 महीने और बर्न व प्लास्टिक सर्जरी के लिए 6-8 महीने का इंतजार करना पड़ा। चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में पीडियाट्रिक सर्जरी के लिए 12 महीने का इंतजार करना पड़ा। सीएनबीसी, आरजीएसएसएच और जेएसएसएच जैसे अस्पतालों में कई एक्स-रे, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड मशीनें बेकार पड़ी रहीं। जरूरी सेवाओं की कमी और बदहाल मोहल्ला क्लीनिक, 27 अस्पतालों में से 14 में आईसीयू सेवा उपलब्ध नहीं थी। 16 अस्पतालों में ब्लड बैंक की सुविधा नहीं थी। 8 अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई नहीं थी। 12 अस्पतालों में एंबुलेंस की सुविधा नहीं थी। सीएटीएस एंबुलेंस भी जरूरी उपकरणों के बिना चलाई जा रही थीं। मोहल्ला क्लीनिकों की स्थिति भी खराब पाई गई, 21 मोहल्ला क्लीनिकों में शौचालय नहीं थे। 15 क्लीनिकों में बिजली बैकअप की सुविधा नहीं थी। 6 क्लीनिकों में डॉक्टरों के लिए टेबल तक नहीं थी। 12 क्लीनिकों में दिव्यांगों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। सीएजी रिपोर्ट ने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत उजागर कर दी है। कोविड काल में सरकार द्वारा मिले फंड का सही इस्तेमाल नहीं करना, अस्पतालों में जरूरी सुविधाओं की भारी कमी, स्टाफ की भारी किल्लत और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी इस लापरवाही को लेकर अब सरकार को जवाब देना होगा।

# वह खुद ही बस में चढ़ गई, ऐसा दावा आरोपी के वकीलों ने किया



**पुणे.** पुणे के स्वारगेट बस डिपो में 26 साल की लड़की से रेप के आरोपी दत्तात्रय गाडे को कल रात गुनात गांव से गिरफ्तार कर लिया गया. इसके बाद आज उन्हें पुणे की सेशन कोर्ट में पेश किया गया और 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. आरोपी दत्तात्रय गाडे की ओर से वकील साजिद शाह और वाजिद खान बिडकर पेश हुए। सुनवाई के बाद मीडिया से बात करते हुए वकील ने कहा कि दत्तात्रय गाडे निर्दोष हैं.

वकील वाजिद खान ने कहा, दत्तात्रय गाडे शातीर कोई अपराधी नहीं है. उसके खिलाफ चोरी के आरोप दर्ज किए गए हैं और वे साबित नहीं हुए हैं। रेप की घटना सुबह 5.45 बजे की बताई जा रही है. वह चिल्ला सकती थी, वह विरोध कर सकती थी। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि कुछ भी जबरदस्ती किया गया हो. सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. इसलिए हम आरोपी को 12 मार्च को पेश करेंगे.

आरोपी के भाई दत्ता गाड़े को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है. वह बिल्कुल आरोपी गाडे जैसा दिखता है। आरोपी के एक अन्य वकील ने भी कहा, हमने आरोपी से बातचीत की. उसके लिए सच्ची घटना क्या है? पूछने पर उसने बताया कि पीड़िता बस में पहले चढ़ गयी थी. फिर मैं चला गया. हमारे बीच जो कुछ भी हुआ, आपसी सहमति से हुआ। अगर घटना सहमति से हुई तो आरोपी भाग क्यों गए? जब पत्रकारों ने ये सवाल पूछा तो वकील ने कहा कि अभी हमें इसकी जानकारी नहीं है. पुलिस उसका मोबाइल जब्त करना चाहती है।

# भारत की जीडीपी को मिली रफ्तार

## > क्यू3 में अर्थव्यवस्था ने दिखाई 6.2 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली.**




सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में वास्तविक रूप से 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अक्टूबर-दिसंबर की वृद्धि जुलाई-सितंबर तिमाही से अधिक है। जुलाई-सितंबर में जीडीपी 5.6 प्रतिशत बढ़ी थी। हालांकि,अक्टूबर-दिसंबर तिमाही की वृद्धि आरबीआई के 6.8 प्रतिशत के अनुमान से कम रही।

अप्रैल-जून और जुलाई-सितंबर में भी जीडीपी के आंकड़े केंद्रीय बैंक के अनुमान से धीमी गति से बढ़े। कमजोर जीडीपी संख्या का अंदाजा अर्थव्यवस्था में खपत और शेयर बाजार के हालिया प्रदर्शन से लगाया जा सकता है। आरबीआई ने 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। दिसंबर की मौद्रिक नीति में आरबीआई ने अनुमान लगाया था कि जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी 7.2 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

31 जनवरी को प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में उल्लेख किया गया है कि 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ने का अनुमान है। भारत की जीडीपी वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रभावशाली रूप से 8.2 प्रतिशत बढ़ी और यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रही।

अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत और 2021-22 में 8.7 प्रतिशत बढ़ी।

**2023-24 में 8.2% रही वृद्धि**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुमानों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के वास्तविक रूप से 2024-25 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जबकि 2023-24 में यह 8.2 प्रतिशत रही थी। यह आरबीआई के अनुमानों से 10 आधार अंक कम है। 2023-24 में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले 2024-25 में नाममात्र जीडीपी में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिलने की उम्मीद है।

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता

**नई दिल्ली.**



यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने एक बड़ा बयान देते हुए शुक्रवार कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच इसी साल मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर लग सकती है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच होने जा रहा यह समझौता अपनी तरह का खास और दुनिया में सबसे बड़ा सौदा होगा। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लियेन इन दिनों भारत दौरे पर आई हुई हैं।

राजधानी दिल्ली में एक थिंक टैंक के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 27 देशों के संगठन यूरोपीय संघ की अध्यक्ष ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) भारत के साथ भविष्य में सुरक्षा समझौते करने की संभावना भी तलाश रहा है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष का यह बयान उनकी पीएम मोदी से मुलाकात से पहले आया है। उन्होंने कहा कि 'दुनिया इन दिनों संकटों से घिरी हुई है, लेकिन मेरा मानना है कि महाशक्तियों की आधुनिक प्रतिस्पर्धा में भारत और यूरोपीय संघ के लिए अवसर है कि वे अपनी साझेदारी को फिर से आकार दें। कई मामलों में भारत और यूरोपीय संघ के सामने विशिष्ट चुनौतियां हैं।'

उर्सुला वॉन डेर ने कहा कि अब समय आ गया है कि जब भारत और यूरोपीय संघ अपनी साझेदारी को अगले पड़ाव पर लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि 'ये वो समय नहीं है, जब हमें अपने सहयोग को सीमित करना चाहिए या फिर किसी खास मुद्दे को लेकर फंस जाना चाहिए। यह समय व्यवहारिक और महत्वकांक्षी होने का है और आज की वास्तविकता के आधार पर अपनी प्राथमिकताओं को फिर से तय करने का समय है।' यूरोपीय संघ की अध्यक्ष ने कहा कि व्यापार, तकनीक, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के जरिए भारत और यूरोपीय संघ अपने सहयोग को नई ऊंचाई पर लेकर जा सकते हैं। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष ने भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच संपर्क बनाने वाले कॉरिडोर को लेकर भी खुशी जाहिर की और कहा कि भारत और यूरोप के बीच सहयोग को बढ़ाने के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है।

# टाटा मोटर्स के शेयरों में गिरावट का असर

## > निवेशकों को भारी नुकसान

**नई दिल्ली.**




शेयर मार्केट में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई है. इस बीच, ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स के शेयरों में आज लगातार 9वें कारोबार दिन गिरावट दर्ज की गई है और इसने नया 52 सप्ताह का न्यूनतम स्तर छुआ. इस स्टॉक ने अब तक 2 लाख करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है. शेयर बीएसई पर 4.29% की गिरावट के साथ 620.70 रुपए पर बंद हुआ है. आज शेयर बीएसई पर 620.70 रुपए पर बंद हुआ है जिसके साथ ही इसने 618.45 रुपए का अपना नया 52 सप्ताह के लो का न्यूनतम स्तर बनाया. बता दें, कि इस स्टॉक ने आज लगातार 9वें कारोबारी दिन भारी गिरावट दर्ज की है. टाटा मोटर्स के शेयर अपने ऑलटाइम हाई लेवल 1,179 से 46 प्रतिशत से अधिक नीचे गिर चुका है, लिहाजा इसके मार्केट कैपिटल में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई है.

टाटा मोटर्स के शेयरों में यह गिरावट चाइना और यूनाइटेड किंगडम जैसे ग्लोबल मार्केट में जगुआर लैंड रोवर में वीक डिमांड आउटलुक और भारत में पैसेंजर व्हीकल सेमेंट में कमोजरी संभावनाओं के बीच आ रही है. इसके अलावा, यूरोपियन मेड व्हीकल पर यूएस इंपोर्ट टैरिफ भी अमेरिका में जुगआर लैंड रोवर की बिक्री पर तगड़ा असर डाल रहा है.जेएलआर की 25 प्रतिशत हिस्सा यूएस में रिटेल कैटेगरी कवर करता है.

पिछले एक महीने के दौरान टाटा मोटर्स के शेयरों में 11 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जबकि 6 महीने की अवधि में निवेशकों को 42 प्रतिशत से अधिक का भारी झटका लगा है. इसके अलावा एक साल के दौरान इसके शेयरों में 34 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है. वहीं पांच साल के लॉन्ग टर्म के समय में निवेशकों को 390 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न भी मिला है. अभी के समय में टाटा मोटर्स का मार्केट कैपिटल 2.32 लाख करोड़ रुपए हो गया.

# 2030 तक पेंशन एयूएम में बड़ा उछाल

## > 118 ट्रिलियन का अनुमान

**मुंबई.**





डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स ने अपनी रिपोर्ट में भारत में पेंशन प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) में उल्लेखनीय वृद्धि की भविष्यवाणी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक कुल एयूएम118 ट्रिलियन रुपयेतक वृध्दी का अनुमान लगाया है और जिसमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का योगदान कुल राशी के लगभग 25 प्रतिशत होगा। यह वृद्धि भारत की बढ़ती जनसंख्या और उसके परिणामस्वरूप होने वाले प्रभावों के आधार पर अनुमानित की गई है।

भारत में 2050 तक वृद्धों की आबादी 2.5 गुना बढ़ने का अनुमान है, जिसके साथ सेवानिवृत्ति के बाद जीवन प्रत्याशा औसतन 20 वर्ष तक बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में भारत का पेंशन बाजार देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 3 प्रतिशत है, लेकिन भविष्य में यह क्षेत्र तेजी से विस्तार करेगा। विशेष रूप से सेवानिवृत्ति बचत अंतर में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है, और यह 2050 तक अनुमानित रूप से 96 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।फिर, आने वाले पांच वर्षों में एनपीएस के निजी क्षेत्र का एयूएम 9,12,000 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। सरकार के कर सुधार, युवा पीढ़ी द्वारा एनपीएस के प्रति बढ़ती प्राथमिकता, और फंड प्रबंधन में प्रौद्योगिकी और एआई का एकीकरण इस वृद्धि के प्रमुख कारण माने जा रहे हैं।

**एनपीएस में निजी क्षेत्र का एयूएम में बड़ी वृद्धि**

एनपीएस (नेशनल पेंशन स्कीम) के निजी क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों में 26.8 प्रतिशत की उल्लेखनीय वार्षिक वृद्धि देखी गई है। 2024 तक, एनपीएस में नए पंजीकरणों में पुरुषों में 65 प्रतिशत और महिलाओं में 119 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, 2024 में शुरू की गई एनपीएस वात्सल्य योजना को जबरदस्त रिस्पांस मिला है, जिसमें 86,000 से अधिक सदस्य जुड़े हैं।

# सैमसंग ने स्मार्टफोन सर्विस सेंटर्स को किया बेहतर

**गुरुग्राम.**



भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने स्मार्टफोन सर्विस सेंटर्स को नए सिरे से डिज़ाइन कर ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बना दिया है। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को न केवल बेहतर सर्विस प्रदान करना है, बल्कि उन्हें स्मार्टफोन खरीदने में भी मदद करना है। सैमसंग का यह कदम उनके ग्राहक सेवा क्षेत्र में और मजबूती लाने के लिए है, जो हमेशा उच्च गुणवत्ता के लिए पहचाना जाता है।

सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स में डिजिटल तकनीकों का समावेश किया है, जिससे ग्राहकों को और भी बेहतर और तेज़ सर्विस मिल सके। इन सर्विस सेंटर्स में, आधुनिक डायग्नोस्टिक टूल्स का उपयोग किया जाएगा, जो फोन की समस्याओं का सटीकता से पता लगाएंगे। इसके साथ ही, इन नए सेंटर्स में ग्राहकों को आरामदायक और सुविधाजनक माहौल मिलेगा, जिसमें आलीशान सोफा-स्टाइल सीटिंग और इनबिल्ट वायरलेस चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। सैमसंग के नए सर्विस सेंटर्स में अल्ट्रा-लार्ज डिजिटल स्क्रीन पर नए प्रोडक्ट इनोवेशन दिखाए जाएंगे, जिससे आगंतुकों को अत्याधुनिक तकनीकी विकास का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, वियरेबल्स की विस्तृत रेंज को रीइमेजिन्ड एक्सेसरी वॉल पर प्रदर्शित किया जाएगा, जो ग्राहकों को सैमसंग के अन्य प्रोडक्ट्स के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। सैमसंग इंडिया में कस्टमर सैटिस्फैक्शन के वाइस प्रेसिडेंट सुनील कुटिन्हा ने कहा, "हमने पिछले दशकों में ग्राहकों को उच्चतम सेवा प्रदान करने के लिए सर्विस सेंटर्स का नेटवर्क विस्तार किया है। उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप, हमने इन सेंटर्स को एक नई दिशा में अपडेट किया है, जिससे ग्राहकों को प्रीमियम अनुभव मिलेगा।"

# मार्केट में गिरावट के बावजूद कोल इंडिया के शेयर में तेजी

**नई दिल्ली.**



कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन आज मार्केट में जोरदार गिरावट देखने को मिल रही है. इसके बावजूद सरकारी कंपनी कोल इंडिया के शेयर में आज तेजी देखने को मिल रही है. जहां ज्यादा तर शेयर गिर कर कारोबार करते नजर आए वहीं कोयल इंडिया का शेयर शुरुआती कारोबार में 10.42 बजे के दौरान 2.46 प्रतिशत या 8.95 रुपए की बढ़त के साथ 374.80 रुपए पर कारोबार करता नजर आया है. फिलहाल अभी दोपहर 1:40 बजे के आस-पास कंपनी का शेयर 1.32% की बढ़ोतरी के साथ 368.60 रुपए पर ट्रेड कर रहा है.आज कोयल इंडिया का शेयर फोकस में है. इसकी वजह ये है कि नॉर्दर्न कोलफील्ड के कोल पर 300 रुपये/टन लेवी लगाई है. कोल पर लेवी 1 मई 2025 से लागू होगी.नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड ये कंपनी कोल इंडिया की सब्सिडियरी है.वहीं , प्रति टन 300 रुपए की लेवी लगाने से कंपनी की आय में 3877 करोड़ रुपए का इजाफा होने की संभावना है.एफवाय 26 में कंपनी का इबीटीडीए बढ़कर 41800 करोड़ रुपये संभव है. इसकी वजह से कंपनी का एफवाय 26 में 9%, एफवाय 27 में 10% इबीटीडीए बढ़ाने का अनुमान है.

जेपी मॉर्गन ने कोल इंडिया पर अपना न्यूट्रल टैग को दोहरा दिया है. हालांकि इसके टारगेट प्राइस को पहले के 395 रुपए से बढ़ाकर 420 रुपए कर दिया गया है. ब्रोकरेज ने कहा कि एफएसए मूल्य वृद्धि एक सकारात्मक आश्चर्य रहा.घरेलू ब्रोकरेज नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि वित्त वर्ष 24 में 13.8 करोड़ टन की बिक्री के साथ एनसीएल तीसरी सबसे बड़ी सहायक कंपनी है. जो कोल इंडिया की कुल बिक्री वॉल्यूम में 18 प्रतिशत का योगदान देती है. कंपनी ने मुताबिक, इस लेवी से वित्त वर्ष 2025 में राजस्व 3,877.50 करोड़ रुपये बढ़ने की संभावना है.

# भारतीयों के लिए मिलेंगे बेहतरीन फायदे

## > सरकार की नई पेंशन स्कीम

**नई दिल्ली.**

सरकार एक नई यूनिवर्सल पेंशन स्कीम पर काम कर रही है। इस पेंशन स्कीम का फायदा अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर समेत सभी भारतीयों को मिलेगा। इस समय अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर के लोगों जैसे-कंस्ट्रक्शन वर्कर्स, डोमेस्टिक स्टाफ और गिर वर्कर्स सरकार द्वारा संचालित बड़ी बचत योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। एक रिपोर्ट में श्रम मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इस नई यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ सभी वेतनभोगी कर्मचारियों और खुद का बिजनेस करने वाले लोगों को मिलेगा। इस नई प्रस्तावित योजना और ईपीएफओ जैसी मौजूदा योजनाओं के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर यह होगा कि पहले की योजनाओं में योगदान स्वैच्छिक आधार पर होगा और सरकार अपनी और से कोई योगदान नहीं देगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस आइडिया के पीछे सरकार का उद्देश्य कुछ मौजूदा योजनाओं को समाहित करके देश में पेंशन/सेविंग्स फ्रेमवर्क को स्ट्रीमलाइन करने के लिए एक यूनिवर्सल पेंशन स्कीम पेश करना है। यह योजना किसी भी नागरिक के लिए निवेश का एक सुरक्षित विकल्प बनेगी। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि यह नई स्कीम मौजूदा नेशनल पेंशन स्कीम को रिप्लेस नहीं करेगी। प्रपोजल डॉक्यूमेंट्स पूरे होने के बाद इस योजना के बारे में हितधारकों से परामर्श लिया जाएगा। इस समय अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर के लिए कई सरकारी पेंशन स्कीम्स चल रही हैं। इनमें अटल पेंशन स्कीम भी शामिल है। निवेशक के 60 साल के होने के बाद 1000 रुपये से 5000 रुपये तक मंथली पेंशन मिलती है।

# ईपीएफओ पर नहीं घटी ब्याज दरें

**नई दिल्ली.**




शेयर बाजार में बीते 7 दिन से भारी गिरावट जारी है. इससे निवेशकों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ने लगी हैं. लाखों लोगों का करोड़ों रुपया अभी तक शेयर बाजार में डूब चुका है. ऐसे में सरकार की ओर से बड़ी राहत दी गई है. सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन पर ब्याज दरों को पहले की तरह ही कायम रखा है. इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है. इसका मतलब ये हुआ कि आपकी शेयर बाजार से कमाई हो ना हो, लेकिन पीएफ में जमा पैसे पर अच्छी इनकम होती रहेगी.

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि के डिपॉजिट पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर बरकरार रखी है. ईपीएफओ ने ब्याज दर को ऐसे समय भी बरकरार रखा है जब शेयर बाजार में लगातार गिरावट हो रही है. ईपीएफओ भी कमाई करने के लिए अपने फंड के एक हिस्से का इस्तेमाल मार्केट के लिए किया गया है.

इससे पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी 2024 में ईपीएफ पर ब्याज दर को 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था. जबकि 2022-23 में ये ब्याज दर 8.15 प्रतिशत थी. ईपीएफओ ने मार्च 2022 में अपने सात करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स के लिए ब्याज दर को 8.1 प्रतिशत किया था. वित्त वर्ष 2021-22 के लिए तय की गई ये ब्याज दर तब 40 साल का सबसे निचला स्तर था. यह 1977-78 के बाद से सबसे कम ब्याज दर थी. इससे पहले 2020-21 में ये ब्याज दर 8.5 प्रतिशत थी.

ईपीएफओ के बारे में फैसला करने वाली सबसे ऊंची इकाई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी है. सीबीटी ने शुक्रवार को अपनी बैठक में 2024-25 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज देने का फैसला किया है. सीबीटी के फैसले के बाद 2024-25 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को सहमति के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा.

वित्त मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद 2024-25 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स के खाते में जमा की जाएगी. ईपीएफओ वित्त मंत्रालय के माध्यम से सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ही ब्याज जमा करता है.














१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

**प्रविण कडू : 9822472123**

# भूख ने पकड़वा दिया पुणे कांड का आरोपी दत्तात्रेय गाडे

## > खाना-पानी मांगने निकला था



**पुणे.**

बस के अंदर एक महिला से रेप करने के आरोपी दत्तात्रेय गाडे को पुलिस ने दबोच लिया है। उसे लंबी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया जा सकता, जो अपने पैतृक गांव में धान के एक खेत में जाकर छिप गया था। उसे आधी रात के वक्त पकड़ा गया। उसे पकड़े जाने की कहानी भी रोचक है क्योंकि उसे पुलिस खुद नहीं खोज पाई थी बल्कि वह खुद भूख और प्यास से तड़प रहा था और इसी के चलते पकड़ा गया। वह एक घर से भोजन और पानी मांगने के लिए निकला था और इसी दौरान वह पुलिस की गिरफ्त में आ गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी दत्ताराय रामदास गाडे (37) का पता लगाने के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया, जो अपने पैतृक शिरूर तहसील में धान के एक खेत में छिपा था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'गाडे को देर रात दो बजे पुणे लाया गया। उसे मेडिकल जांच के लिए भेजा गया और औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को दिन में अदालत में पेश किया जाएगा।' कुख्यात आरोपी गाडे मंगलवार की सुबह पुणे के स्वारगेट बस अड्डे पर राज्य परिवहन की एक बस के अंदर 26 वर्षीय महिला का कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने के बाद शिरूर में अपने पैतृक स्थान भाग गया था। सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था लेकिन पुलिस उसके गांव तक पहुंचने में कामयाब रही और पता चला कि उसने एक घर से पानी मांगा था। एक अधिकारी ने बताया कि पुणे पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी को पकड़ने के लिए गुनात गांव में ड्रोन और खोजी कुत्तों को तैनात किया और 13 टीम तलाशी अभियान का हिस्सा थीं।

उन्होंने बताया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त रंजन कुमार शर्मा ने भी गांव का दौरा किया और अपने अधिकारियों को जानकारी दी। अधिकारी ने बताया, 'ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से गन्ने के खेतों में तलाशी अभियान रात में रोक दिया गया था। हालांकि, हमें सूचना मिली कि गाडे एक घर में खाना मांगने गया था। हम मौके पर पहुंचे, लेकिन वह भागने में सफल रहा। घर में मौजूद परिवार ने उसे पानी की एक बोतल दी थी।'उन्होंने बताया कि परिवार ने पुलिस को आरोपी की इलाके में मौजूदगी की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम ने तलाशी फिर से शुरू की। अधिकारी ने बताया कि आरोपी पास ही धान के एक खेत में छिपा था और उसे पकड़ लिया गया।



# फर्जी पुलिसकर्मी बनकर 40 हजार रुपये की ठगी

**मुंबई.** सड़कों पर थूकने की आदत अब जेब पर भारी पड़ सकती है, लेकिन जरा संभल जाइए! क्योंकि मुंबई में एक ठग ने 'फर्जी पुलिस' बनकर एक शख्स से पूरे 40,000 रुपये ऐंठ लिए. इस ठग का नाम रवि पांडे (28) बताया जा रहा है, जिसे मुंबई के नवघर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपने आपको पुलिस अधिकारी बताकर एक 58 वर्षीय शख्स से सार्वजनिक स्थान पर थूकने के लिए 'जुर्माना' के तौर पर 40,000 रुपये वसूल लिए. 25 फरवरी की शाम वसंत मोहिते नाम के 58 वर्षीय व्यक्ति पर तब आफत आई, जब उन्होंने ऐरोली फ्लाईओवर के पास मोटरसाइकिल रोकी और तंबाकू थूकने की तैयारी की.

# बूढ़ी मां पर फेंकी जलती लकड़ी; बाइक को भी जलाया

**गोंदिया.** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां देवरी तहसील के चिचगढ़ थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम चिल्हाटी में पैसों के लेनदेन को लेकर कलयुगी बेटे ने अपनी मां पर जलती हुई लकड़ी फेंक दी, जिससे बूढ़ी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक, आरोपी पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

**पैसे को लेकर बढ़ी बहस**

पुलिस से जानकारी देते बताया कि घटना 26 फरवरी शाम 7:30 बजे से रात 11:00 बजे के दरमियान ग्राम चिल्हाटी में हुई। यहां के सांसद ने अपनी सांसद निधि के अंतर्गत आरोपी डोमनदास और छोटे भाई गुपेंद्रदास ने सांसद निधि से भवन निर्माण का काम साझा ठेकेदारी के तहत किया था। इसी पैसों को लेकर डोमनदास ने भाई और मां से बहस की। दरअसल डोमनदास ने छोटे भाई गुपेंद्रदास से काम किए दिनों का पैसा मांगा। इस पर गुपेंद्र ने कहा कि अभी पैसे नहीं आए हैं, आएगा तो



दे देंगे।

भाई और मां से की गाली-गलौज

फिर आरोपी डोमनदास ने कहा कि भवन निर्माण का बिल जब आएगा तब आएगा, लेकिन मुझे अभी पैसों की जरूरत है तुम मुझे अभी पैसे दे दो, बिल निकलने के बाद तुम पैसे रख लेना? जिस पर बूढ़ी मां ने भी ऐतराज बताया और गुपेंद्र दास ने भी कहा मैं अभी रुपए नहीं दे सकता। फिर क्या बहस बढ़ गई और आरोपी आग बबूला हो गया और मां और छोटे भाई गुपेंद्रदास के साथ वाद विवाद करते हुए गाली-गलौज की।

कपड़े में आग लगाकर लगाई बाइक में आग

इसके बाद आरोपी अपने कमरे की ओर गया और कुछ देर बाद फिर हाथ में डंडा जिस पर सामने मुंडेर पर कपड़ा लपेटा हुआ था और पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंचा। उसने डंडे में बंधे कपड़े में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई और जलती हुई लाठी से घर के बाहर आंगन में रखी दो मोटरसाइकिल पर भी पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया।

**मां पर भी फेंकी लकड़ी**

इसके बाद आरोपी यही नहीं रुका उसने जलती हुई लकड़ी मकान की खुली खिड़की से बूढ़ी मां के कमरे से बूढ़ी मां पर फेंक दी इससे बूढ़ी ईमलाबाई झुलसकर जख्मी हो गई। फिलहाल 61 वर्षीय जख्मी ईमलाबाई परमेश्वर बालाबाग का उपचार चिचगढ़ शासकीय अस्पताल के बर्न वार्ड में जारी है। मेडिकल रिपोर्ट पश्चात कलयुगी बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण के आगे की जांच चिचगढ़ थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक काडेल कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला के बयान पर आरोपी बेटे डोमनदास (41 वर्षीय डोमनदास निवासी चिल्हाटी तहसील देवरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

# हीरे को संरक्षित किया जाता है, तो संस्कृति जीवित रहेगी: राज्यपाल

**मुंबई.**



संत ज्ञानेश्वर महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज मराठी का एक असली हीरा है और अगर इस हीरे को संरक्षित किया जाता है, तो संस्कृति जीवित रहेगी। सी.पी. राधाकृष्णन ने किया. राज्यपाल ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि राज्यपाल के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिला।

मराठी भाषा गौरव दिवस (27वें) के अवसर पर राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन की उपस्थिति में राजभवन में मराठी भाषण, कविता पाठ और गायन का कार्यक्रम 'माय लेकरं' संपन्न हुआ।

डॉ.अरुणा ढेरे जिसकी परिकल्पना और संहिता है. इस कार्यक्रम में, डॉ. गिरीश ओक और अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी ने अपने मधुर काव्य पाठ से राज्यपाल सहित उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि कलांगन की संस्थापक गायिका चैत्राली अभ्यंकर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में बहिणाबाई चौधरी से लेकर कई पुराने और नए लेखकों और कवयित्रियों की 'मां और बच्चे' के रिश्ते से संबंधित छंद और कविताएं सुनाई गईं.

राज्यपाल के सचिव डॉ. प्रशांत नारनवरे, उप सचिव एस. राममूर्ति और कला, साहित्य एवं संस्कृति क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 42वीं मंजिल पर लगी आग

**मुंबई.**



मुंबई के बायकुला इलाके में शुक्रवार को एक ऊंची इमारत की 42वीं मंजिल पर आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बाबासाहेब आंबेडकर रोड पर स्थित सालेट 27 की दोनों इमारतों में से एक के आवासीय परिसर की यह घटना है। यह सुबह 10 बजकर करीब 45 मिनट पर अचानक आग लगी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने का कार्य जारी है।

अधिकारी ने कहा कि बीईएसटी, पुलिस, एंबुलेंस सेवा और अन्य एजेंसियों की टीमें तुरंत घटनास्थल पर भेजी गईं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। इमारत से निकलने वाले घने काले धुएं का गुबार दूर से देखा जा सकता है। इससे पहले, 22 फरवरी को मुंबई के मरीन लाइन्स इलाके में 5 मंजिला आवासीय इमारत में आग लग गई था। हालांकि, किसी के भी हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली, क्योंकि ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था।

# दोस्त का कान काटकर खा गया शख्स

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक शख्स ने पार्टी के दौरान हुए झगड़े में अपने दोस्त का कान काटकर खा लिया। जानकारी के मुताबिक, दोनों दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर पहले बहस हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ठाणे निवासी एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने दोस्त के कान का एक हिस्सा काट लिया और उसे निगल भी गया। कासरवडावली थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार सुबह पाटलीपाड़ा इलाके में एक पॉश हाउसिंग सोसाइटी में हुई। अपनी शिकायत में श्रवण लीखा (37) ने कहा कि वह और आरोपी विकास मेनन (32) दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे थे.

# एचएसआरपी नंबर प्लेटों से करोड़ों की लूट

## > जयंत पाटिल का देवेंद्र फड़नवीस को पत्र

**मुंबई.** महाराष्ट्र राज्य ने वाहनों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने के लिए एचएसआरपी (मान्यता प्राप्त सुरक्षित रूप से पंजीकृत नंबर प्लेट) का उपयोग अनिवार्य कर दिया है। हालांकि, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शरदचंद्र पवार गुट के जयंत पाटिल ने सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि सवाल है कि महाराष्ट्र के नागरिकों को लूटने का कार्यक्रम चल रहा है या नहीं.

इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि महाराष्ट्र के नागरिकों से अन्य राज्यों की तुलना में एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए तीन गुना अधिक राशि ली जा रही है।महाराष्ट्र सरकार द्वारा एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए रोर्मेट्रा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड, रियर मैसन इंडिया लिमिटेड और एफटीए एचएसआरपी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड इन निजी कंपनियों को 600 करोड़ रुपये के ठेके दिए गए हैं। लेकिन ये कंपनियां नंबर प्लेट के लिए महाराष्ट्र के नागरिकों से अन्य राज्यों की तुलना में तीन गुना ज्यादा रकम वसूल रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि इन्हीं कंपनियों को गुजरात, गोवा, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, केरल राज्यों में भी नंबर प्लेट का काम मिला है। लेकिन उन राज्यों में महाराष्ट्र से कम दरें हैं। जैसे उन्होंने कहा कि गुजरात में दोपहिया वाहन के लिए 160 रुपये है जबकि महाराष्ट्र में 450 रुपये, गोवा में चार पहिया वाहन के लिए 203 रुपये और महाराष्ट्र में 745 रुपये है.

# कैब में बैठी थी, ड्राइवर करने लगा अश्लील हरकत

## > गाड़ी से भागी महिला

**पुणे.**



महाराष्ट्र के पुणे से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक महिला कैब बुक कर अपने दफ्तर से घर जा रही थी। इस दौरान कैब में बैठी महिला के सामने ड्राइवर ने अश्लील हरकत की। ये देख महिला हैरान रह गई और वो कैब का दरवाजा खोल भाग निकली। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

टैक्सी में चौंकाने वाली घटना

दरअसल, महिला पुणे में एक आईटी कंपनी में कार्यरत है। महिला को टैक्सी में यात्रा करते समय इस चौंकाने वाले अनुभव का सामना करना पड़ा। कैब ड्राइवर ने चलती गाड़ी में महिला के सामने अश्लील हरकत की। डरी हुई महिला ने टैक्सी से कूदकर भागने का फैसला किया और लगभग दो किलोमीटर दौड़कर खड़की पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। यह घटना हाल ही में स्वारगेट बस स्टैंड में शिवशाही बस में हुए रेप के मामले से एक दिन पहले हुई थी, जिससे शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं बढ़ गई हैं।

**ड्राइवर ने रियरव्यू मिरर को सामने किया**

खड़की पुलिस के मुताबिक, 41 वर्षीय महिला ने घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने पुलिस को बताया कि वह एक प्रसिद्ध ऐप के जरिए टैक्सी बुक की थी और कल्याणी नगर में अपने कार्यालय से पिंपल सौदागर के लिए घर जा रही थी। जब टैक्सी शाहदवाल बाबा चौक पर पहुंची और संगमवाड़ी रोड से पाटिल एस्टेट चौक की ओर बढ़ी, तो ड्राइवर ने रियरव्यू मिरर को सामने किया, ताकि वह उसका चेहरा देख सके। इसके बाद उसने कथित तौर पर चलती गाड़ी में अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं।

**कैब का दरवाजा खोलकर भागी महिला**

स्थिति से डरकर महिला ने सिग्नल पर गाड़ी रुकने का इंतजार किया और फिर दरवाजा खोलकर भाग गई। इसके बाद वह खड़की पुलिस स्टेशन पहुंची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस बीच, टैक्सी ड्राइवर ने अपनी गाड़ी को हाईवे पर रोका और भाग गया। पुलिस ने बुकिंग विवरण और गाड़ी के नंबर का इस्तेमाल कर टैक्सी मालिक को ट्रैक किया, जिससे ड्राइवर की गिरफ्तारी हुई। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश से है और हाल ही में पिंपरी-चिंचवड में आया था।

# हमारी सरकार यहां की मिट्टी का सम्मान करती : मंत्री शेलार

**मुंबई.**

हमारी सरकार यहां की मिट्टी का सम्मान करती है और मराठी नाटक, मराठी सिनेमा, कला और लोक कला के साथ-साथ लोक संस्कृति को बढ़ावा देती है। सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने कहा. सांस्कृतिक कार्य विभाग और सांस्कृतिक कार्य निदेशालय ने मराठी भाषा दिवस के अवसर पर माटुंगा में एक विशेष कार्यक्रम 'अमृतातेही पैजा जिंके' का आयोजन किया। इस अवसर पर मराठी भाषा में कविताओं, नाटकों और गीतों सहित विभिन्न बोलियों में विभिन्न आविष्कार प्रस्तुत किए गए। इसे मराठी प्रशंसकों से सहज प्रतिक्रिया मिली।

# बेटियों का करता रहा रेप...

## > प्रेग्नेंट होने पर जबरन गर्भपात



**पालघर.** महाराष्ट्र के पालघर जिले में बेटियों से बलात्कार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपनी बेटियों से दुष्कर्म करने और पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोप में 56 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस ने आरोपी को सिंधुदुर्ग जिले से अरेस्ट किया। वह छोटा राजन गिरोह से जुड़ा रहा है। पुलिस इंस्पेक्टर अविराज कुर्हाड़े ने बताया कि आरोपी ने 2018 से फरवरी 2025 के बीच कई बार अपनी दो बड़ी बेटियों का यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद उसने एक पीड़िता से गर्भपात के लिए मजबूर भी किया था।

पुलिस अधकारी ने बताया कि विरोध करने पर उसने पत्नी को भी पीटा और उसे प्रताड़ित किया। वह अपनी 16 और 12 साल की दो नाबालिग बेटियों से छेड़छाड़ करता रहा। उन्होंने कहा कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि आरोपी के खिलाफ पालघर, कर्जत, कणकवली और सायन के थाने में 6 मामले दर्ज हैं। इसे लेकर और ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है और उसके आधार पर कार्रवाई तेज की जाएगी।

## आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें।

वृषभ -आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं

मिथुन -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी।

कर्क -आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें।

सिंह -आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं।

कन्या- आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा।

तुला -आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए।

वृश्चिक- आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है,

धनु- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

मकर- आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कुंभ- आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा

मीन -आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा।

# समुद्र में धू-धूकर जलने लगी मछुआरों की नाव

## > बचाए गए 18 नाविक

**रायगढ़.**



महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में अलीबाग के पास समुद्र में फिशिंग बोट में भीषण आग लग गई. यह नाव राकेश गन की है. नाव में आग लगने की जानकारी मिलते ही कोस्ट गार्ड और नेवी ने मोर्चा संभाला और बचाव कार्य शुरू किया. नाव में सवार सभी 18 लोगों को बचा लिया गया है.

रायगढ़ के एसपी ने बताया कि नाव में आग सुबह 3-4 बजे लगी थी. इंडियन कोस्ट गार्ड और इंडियन नेवी की टीम ने सभी 18 लोगों को सुरक्षित बचा लिया है. घटना से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक नाव पूरी तरह से आग के हवाले हो गई थी. नाव से धू-धूकर काला धुआं भी निकल रहा थी और आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठ रही थीं. नाविकों को बचा लिया गया है लेकिन नाव जलकर खाकर हो गई है.

पहले भी समुद्र में डूबी है मछुआरों की नाव

पिछले महीने ही अलीबाग के पास मछुआरों की एक नाव डूब गई थी. हालांकि इसमें सवार सभी 15 नाविकों को बचा लिया गया था. बीते दिसंबर में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही एक फेरी नौसेना की बोट से टकराकर डूब गई थी. इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई थी.

**बालविकास प्रकल्प अधिकारी कार्यालय उत्तर-नागपुर शहर (नागरी)**
**अंगणवाडी मदतनीस या मानधनी पदासाठी जाहिरात-शुदधीप्रत्रक**

पात्र उमेदवारांकडून विहीत मुदतीत अर्ज स्वीकारण्याची तारीख दिनांक. १५/२/२०२५ ते दिनांक २८/२/२०२५ सायंकाळी सहा वाजेपर्यंत असेल असे जाहीरात मध्ये नमुद होते शासननिर्णयाप्रमाणे शासकिय सुटया वगळून १० दिवस अर्ज सादर करण्याची मुदत असलयाने दिनांक. १५/२/२०२५ ते दिनांक २८/२/२०२५ कालावधीत दि १९/०२/२०२५ व २६/०२/२०२५ रोजी शासकिय सुट्या आलेने अर्ज स्वीकारण्याची तारीख दिनांक. ०४/०३/२०२५ सायंकाळी सहा वाजेपर्यंत असेल याची सर्व उमेदवारांनी नोंद घ्यावी.

दि.२७/०२/२०२५.

स्वा./-
(डॉ. कैलास घोड़क)
बालविकास प्रकल्प अधिकारी (ना)
नागपूर शहर- उत्तर

जा. क्र. बाविप्रअना/नाग. शहर उत्तर/मदतनीस भर्ती/आस्था/332/2024-25

## मेट्रो CLASSIFIED

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

Sabri
Professional DJ & Live Audio Sound Service
:: Booking Show ::
Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall.
M. 9503066685
Kharbi Chowk, Nagpur.

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक
मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

## सुविचार

जीवन में खुश रहना है तो दूसरों से उम्मीदें कम और अपने कर्मों पर विश्वास ज्यादा रखो।

## संपादकीय

# शिक्षा से होगा प्रॉक्सी भागीदारी का समाधान



❒ देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में पंचायती राज संस्थाओं में एक तिहाई आरक्षण एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप आज पंचायत स्तर पर महिलाओं की भागीदारी लगभग 46 फीसदी तक पहुंच गई है। यह आंकड़ा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन असल में जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आती है। आरक्षण के तहत मिली कुर्सी पर महिलाएं बैठती हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में उनकी जगह उनके पति, ससुर या अन्य पुरुष रिश्तेदार सत्ता का असली इस्तेमाल करते नजर आते हैं। इस स्थिति को प्रॉक्सी भागीदारी कहा जाता है, जो महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को कमजोर करती है।

यह स्थिति मुख्य रूप से महिलाओं की अशिक्षा और समाज में पुरुष प्रधान सोच के कारण उत्पन्न होती है। महिलाओं के चुनाव जीतने के बावजूद उनकी भूमिका सीमित होती है, और उनके अधिकारों का इस्तेमाल अन्य लोग करते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए कई बार पंचायत चुनावों में शिक्षा की अनिवार्यता पर विचार किया गया, लेकिन राजनीतिक लाभ और इच्छाशक्ति की कमी के कारण यह प्रस्ताव लागू नहीं हो सका। राजस्थान में वर्ष 2015 में पंचायत चुनाव में शिक्षा की अनिवार्यता का विधेयक के जरिए लागू किया गया था, लेकिन वर्ष 2019 में इसे हटा भी दिया गया। हाल ही पंचायत राज मंत्रालय ने इस मामले में कदम उठाने की दिशा में एक पहल शुरू की है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर एक सलाहकार समिति का गठन किया गया, जिसने प्रॉक्सी भागीदारी को समाप्त करने के लिए अपने सुझाव दिए हैं। इस समिति ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश सहित देश के 14 राज्यों में कार्यशाला कर सुझाव लिए। इनमें प्रमुख रूप से पंचायत प्रतिनिधियों के लिए स्कूली शिक्षा की अनिवार्यता, गोपनीय शिकायतों की व्यवस्था, पुरुष हस्तक्षेप पर रोक और आदेशों का उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान शामिल है। यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन इसे लागू करने के लिए एक ठोस और प्रभावी निगरानी प्रणाली की आवश्यकता है। यदि इस पहल को सही तरीके से लागू किया जाता है, तो यह न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करेगा, बल्कि उन्हें समाज में सशक्त बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगा।

# हिंदी का जबरदस्ती विरोध कर रहे स्टालिन

सूरज तिवारी



❍ तमिलनाडु में हिंदी के विरोध का इतिहास वर्षों पुराना है। देश को आजादी मिलने से पहले ही हिंदी विरोधी आंदोलनों को हवा मिलती रही है। ये आंदोलन कभी उग्र, तो कभी हिंसक भी हुए। वर्ष 1937 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने हिंदी को अनिवार्य किया, तो इसका कड़ा विरोध हुआ। उस समय हुए आंदोलन से ही द्रविड़ राजनीति की बुनियाद पड़ी। इसके बाद तो हिंदी विरोध के नाम पर लगातार आंदोलन और अभियान चलाए गए। इसमें साठ के दशक में हुए आंदोलन को याद किया जाता है। यह विरोध तब शांत हुआ, जब राजभाषा अधिनियम में संशोधन हुआ। मगर यह दुखद ही है कि हिंदी विरोध का सिलसिला आज भी जारी है। जब भी हिंदी को लेकर कोई चर्चा शुरू होती है, उसका तत्काल विरोध शुरू हो जाता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने केंद्र पर राज्य में हिंदी थोप कर 'भाषा युद्ध के बीज' बोने का आरोप लगाया है। किसी भी अन्य भाषा के हावी नहीं होने देने का अपना रुख जता कर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे द्विभाषी नीति से आगे बढ़ने को तैयार नहीं।

तमिलनाडु में हिंदी के विरोध का इतिहास वर्षों पुराना है। देश को आजादी मिलने से पहले ही हिंदी विरोधी आंदोलनों को हवा मिलती रही है। ये आंदोलन कभी उग्र, तो कभी हिंसक भी हुए। वर्ष 1937 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने हिंदी को अनिवार्य किया, तो इसका कड़ा विरोध हुआ। उस समय हुए आंदोलन से ही द्रविड़ राजनीति की बुनियाद पड़ी। इसके बाद तो हिंदी विरोध के नाम पर लगातार आंदोलन और अभियान चलाए गए। इसमें साठ के दशक में हुए आंदोलन को याद किया जाता है। यह विरोध तब शांत हुआ, जब राजभाषा अधिनियम में संशोधन हुआ। मगर यह दुखद ही है कि हिंदी विरोध का सिलसिला आज भी जारी है। जब भी हिंदी को लेकर कोई चर्चा शुरू होती है, उसका तत्काल विरोध शुरू हो जाता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने केंद्र पर राज्य में हिंदी थोप कर 'भाषा युद्ध के बीज' बोने का आरोप लगाया है। किसी भी अन्य भाषा के हावी नहीं होने देने का अपना रुख जता कर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे द्विभाषी नीति से आगे बढ़ने को तैयार नहीं। तमिलनाडु में हिंदी के विरोध का इतिहास वर्षों पुराना है। देश को आजादी मिलने से पहले ही हिंदी विरोधी आंदोलनों को हवा मिलती रही है। ये आंदोलन कभी उग्र, तो कभी हिंसक भी हुए। वर्ष 1937 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने हिंदी को अनिवार्य किया, तो इसका कड़ा विरोध हुआ। उस समय हुए आंदोलन से ही द्रविड़ राजनीति की बुनियाद पड़ी। इसके बाद तो हिंदी विरोध के नाम पर लगातार आंदोलन और अभियान चलाए गए। इसमें साठ के दशक में हुए आंदोलन को याद किया जाता है। यह विरोध तब शांत हुआ, जब राजभाषा अधिनियम में संशोधन हुआ। मगर यह दुखद ही है कि हिंदी विरोध का सिलसिला आज भी जारी है। जब भी हिंदी को लेकर कोई चर्चा शुरू होती है, उसका तत्काल विरोध शुरू हो जाता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने केंद्र पर राज्य में हिंदी थोप कर 'भाषा युद्ध के बीज' बोने का आरोप लगाया है। किसी भी अन्य भाषा के हावी नहीं होने देने का अपना रुख जता कर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे द्विभाषी नीति से आगे बढ़ने को तैयार नहीं।

## आलेख

प्रमोद भार्गव

# आर्थिक संकट बढ़ाती बूढ़ी आबादी



❒ किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके सकल घरेलू उत्पादों की दर से नापी जाती है, लेकिन गैर आनुपातिक ढंग से बढ़ते बूढ़े किसी देश की आर्थिक व्यवस्था किस तरह को चौपट कर सकते हैं इसका ताजा उदाहरण जापान है। कुछ समय पहले तक जापान की आर्थिक विकास दर अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर थी, लेकिन अब 11.2 जीडीपी दर के साथ चीन ने जापान की हैसियत को एक पायदान नीचे खिसका दिया है। जापान के बाद भारत अब चौथे स्थान पर है। जापान में अवाम को बेहतर जीवन स्तर व स्वास्थ्य सुविधा हासिल कराने से एक ओर तो जापन में बूढ़ों की आबादी इस स्तर तक बढ़ती चली गई कि उन्हें वहां की युवा शक्ति 'काम के न काज के दुश्मन अनाज के' जैसी लोकोक्तियों से नवाजने लगे। दूसरे, आबादी पर नियंत्रण के कृत्रिम साधनों और सरकारी नीतियों के चलते एक स्वस्थ आबादी के आयु समूहों में जो संतुलित अनुपात होना चाहिए था वह विषंगति का शिकार हो गया। नतीजतन आधुनिक,औद्योगिक व प्रोद्यौगिक विकास को जो उर्जा युवाओं की सामूहिक नई सोच और शक्ति से मिलती है उसका क्षरण की पृष्ठभूमि पहले ही जापान में निर्मित हो चुकी थी लिहाजा जापान आर्थिक विकास के मामले में पिछड़ गया। कालांतर में चीन और भारत भी इसी दुरभिसंधि का शिकार होने जा रहे हैं। अब तक जनसंख्या का असंतुलित विकास किसी देश की आर्थिक हैसियत मापने का मान्य अर्थशास्त्रीय सिद्धांत नहीं है। लेकिन आबादी अर्थव्यवस्था की दर को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक तो है ही इसे नकारा नहीं जा सकता है। क्योंकि सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले देश चीन ने जब अपनी युवा आबादी को उत्पादन की तकनीक से जोड़कर निर्यात के जरिये उत्पादों को वैश्विक बाजार दिया तो चीन एक बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया। आज चीन इतनी बड़ी ताकत हो गया है कि उसके आयात-निर्यात की जरूरतें विश्व बाजार को प्रभावित करने वाली साबित हो रही हैं। चीन ने अमेरिका समेत अनेक एशियाई देशों में अपने सस्ते उत्पादों को खपाने के लिए बढ़ी संख्या में उपभोक्ता तैयार किए हैं। इसी कारण वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अमेरिका में चीन का सर्वाधिक निवेश है। चीन इस निर्यात से जो धन कमाता है, उसे वह अमेरिकी डॉलर खरीदने में खर्च रहा है, लिहाजा वह विदेशी पूंजी संचय में भी अग्रणी देश है। कमोबेश यही हैसियत जर्मनी की थी.

## कथा

विश्वम्भर पाण्डेय

# आँसू

❒ जब से विधायक जी ,मंत्री बने, तब से उनकी व्यस्थता और अधिक बढ़ गई थी । उनका अधिकांश समय समारोहों, संगोष्ठियों, सान्त्वना एवं पुरस्कार कार्यक्रमों में ही बीतने लगा था ।कुछ दिन बाद अपनी बेटी का विवाह-समारोह होने के कारण मंत्री जी ने कुछ दिनों के लिये अपनी सार्वजनिक व्यस्थताओं को विराम लगा दिया था. आज सुबह बेटी ,अपने पापा को अखबार दिखाते हुये बोली-पापा देखो, आप अखबार में कितने अच्छे मुस्करा रहे हो, घर पर तो मैंने आपको ऐसे मुस्कुराते कभी नहीं देखा । साथ ही इसी अखबार में दूसरे चित्र में कितने ग़मगीन दिखाई दे रहे हो ,इतने ग़मगीन तो आप, दादाजी गुजरे तब भी दिखाई नहीं दिए। बेटी की बात सुनकर मंत्री जी बोले- बेटी, हम नेता, नेता कम, अभिनेता अधिक होते हैं ।पिता की बात सुन बेटी मुस्कुरा गई. अगले दिन दुल्हन की विदाई की वेला पर सभी परिवार- जन एवं उपस्थित रिस्तेदार ,बेटी को ससुराल के लिये विदा कर रहे थे । बेटी आधुनिक विचारों की पढ़ी-लिखी लड़की थी वो हँस-हँस कर सभी से विदा हो रही थी । एक तरफ मंत्रीजी आँखें भर कर खड़े हुए थे । बेटी ,पापा के पास जाकर ,गले मिलते हुए कान में बोली -पापा, ये आपकी आँखों के आँसू ,नेता के हैं या अभिनेता के ये बात सुनकर मंत्रीजी बोले- नहीं बेटी नहीं, ये आँसू ना नेता के ना अभिनेता के हैं बल्कि ये आँसू एक बेटी के बाप के हैं.

## आस्था

# चैत्र अमावस्या पर लगेगा साल का पहला सूर्य ग्रहण



❒ इस साल चैत्र अमावस्या पर साल का पहला सूर्य ग्रहण लग रहा है। आपको बता दें कि एक महीने में दो ग्रहण लग रहे हैं। मार्च में जहां 14 तारीख को चंद्र ग्रहण तो वही 29 मार्च को सूर्य ग्रहण लगेगा। आपको बता दें कि इस ग्रहण के कारण पितरों के तर्पण और सूतक काल आदि के बारे में लोगों में कंफ्यूजन होगा। चैत्र अमावस्या पर इस बार शनिवार है, इसलिए इसे शनि अमावस्या भी कहते हैं। आपको बता दें कि इस दिन पितरों के तर्पण आदि किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने से पितर प्रसन्न हो जाते हैं। इस बार ग्रहण के कारण सूतक काल के बारे में अच्छे से जानना चाहिए। दरअसल सूर्य ग्रहण आंशिक सूर्य ग्रहण होगा और भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इस ग्रहण का कोई असर भारत में नहीं होगा। इस ग्रहण के कारण पितरों का तर्पण भी अपने समय पर किया जा सकेगा। इस दौरान दान, तर्पण और पूजा के लिए कोई मनाही नहीं होगी।आपको बता दें कि टाइम एंड डेट वेबसाइट के अनुसार भारत से बाहर 814 मिलियन लोग इस आंशिक सूर्य ग्रहण को देख सकेंगे।

सूर्य ग्रहण भारतीय समय अनुसार दोपहर 2:20 मिनट पर शुरू होगा और शाम 6.16 मिनट पर समाप्त होगा। 29 मार्च, 2025 को लगने वाला सूर्य ग्रहण उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका के उत्तर-पूर्वी भाग, यूरोप और उत्तरी रूस से दिखायी देगा। कनाडा, पुर्तगाल, स्पेन, आयरलैण्ड, फ्रान्स, यूनाइटेड किंगडम, डेनमार्क, जर्मनी, नॉर्वे, फिनलैण्ड और रूस से दिखायी देगा। अगले दिन चैत्र नवरात्रि शुरू हो रहे हैं, उसमें भी ग्रहण का कोई असर नहीं होगा।

# माहे रमज़ान एक मुबारक महीना

रमज़ान या रमदान इस्लामी पंचांग का नौवाँ महीना है। मुस्लिम समुदाय इस महीने को परम पवित्र मानता है। रमजान की पहली और आखिरी तारीख चांद्रमान इस्लामी कैलेंडर द्वारा निर्धारित की जाती है। लैलतुल क़द्र को वर्ष की सबसे पवित्र रात माना जाता है। आम तौर पर माना जाता है कि रमजान के आखिरी दस दिनों के दौरान एक विषम संख्या वाली रात होती है; दाऊदी बोहरा का मानना है कि शब-ए-क़द्र रमजान के 23वीं रात है। "निःसंदेह हमने इस (क़ुरआन) को क़द्र की रात में उतारा है। और तुम्हें क्या मालूम कि क़द्र की रात क्या है? क़द्र की रात हज़ार महीने से उत्तम है। उसमें फ़रिश्ते और रूह (जिब्रील) अपने रब की आज्ञा से उतरते हैं हर महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए। वह पूर्णतः शान्ति की रात है जो फ़ज्र (उषाकाल) के उदय होने तक रहती है।"

❍ **रमज़ान और उपवास (रोज़ा) :** रमजान का महीना कभी 29 दिन का तो कभी 30 दिन का होता है। इस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग उपवास रखते हैं। उपवास को अरबी में "सौम" कहा जाता है, इसलिए इस मास को अरबी में माह-ए-सियाम भी कहते हैं। फ़ारसी में उपवास को रोज़ा कहते हैं। भारत के मुसलिम समुदाय पर फ़ारसी प्रभाव ज़्यादा होने के कारण उपवास को फ़ारसी शब्द ही उपयोग किया जाता है। उपवास के दिन फ़ज्र की नमाज़ से पहले खाने के सेवन को सुहूर या सेहरी कहते हैं। दिन भर न कुछ खाते हैं न पीते हैं। शाम को सूर्यास्तमय के बाद रोज़ा खोल कर खाते हैं जिसे इफ़्तारी कहते हैं।

❍ **इस माह की विशेषताएं :** महीने भर के रोज़े (उपवास) रखना, रात में तरावीह की नमाज़ पढना, कुरान तिलावत (पारायण) करना, एतेकाफ़ बैठना, यानी गाँव और लोगों की अभ्युन्नती व कल्याण के लिये अल्लाह से दुआ (प्रार्थना) करते हुवे मौन व्रत रखना, ज़कात देना, दान करना, अल्लाह का धन्यवाद अदा करना। अल्लाह का धन्यवाद अदा करते हुवे इस महीने के गुजरने के बाद शव्वाल (इस्लामी पंचांग का दसवां महीना) की पहली तिथि को ईद उल-फ़ित्र मनाते हैं। इत्यादी को प्रमुख माना जाता है। कुल मिलाकार पुण्य कार्य करने को प्राधान्यता दी जाती है। इसी लिये इस माह को नेकियों और इबादतों का महीना यानी पुण्य और उपासना का माह माना जाता है।

❍ **रमज़ान और कुरान का अवतरण :** मुसलमानों के विश्वास के अनुसार इस महीने की 23वीं रात शब-ए-क़द्र को कुरान का नुज़ूल (अवतरण) हुआ। इसी लिये, इस महीने में क़ुरान को अधिक पढ़ना पुण्यकार्य माना जाता है। तरावीह की नमाज़ में महीना भर कुरान का पठन किया जाता है। जिस से कुरान पढ़ना न आने वालों को कुरान सुनने का अवसर अवश्य मिलता है।



ईद उल-फ़ित्र, जो रमज़ान माह के अन्त और शव्वाल माह के पहले दिन मनाई जाती है. रमज़ान के आखरी दिन चाँद (हिलाल) देख कर अगले दिन ईद घोषित किया जाता है. यानी नया चाँद देख कर किया जाता है. अगर अगर चन्द्रमा का दर्शन नहीं हो पाया तो उपवास के तीस दिनों के पूरा होने के बाद घोषित किया जाता है। रमज़ान को नेकियों या पुन्यकार्यों का मौसम-ए-बहार (बसंत) कहा गया है। रमजान को नेकियों का मौसम भी कहा जाता है। इस महीने में मुस्लमान अल्लाह की इबादत (उपासना) ज्यादा करता है। अपने परमेश्वर को संतुष्ट करने के लिए उपासना के साथ, कुरआन परायण, दान धर्म करता है। यह महीना समाज के गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी का है। इस महीने में रोजादार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। पैगम्बर मोहम्मद सल्ल. से आपके किसीसहाबी (साथी) ने पूछा- अगर हममें से किसी के पास इतनी गुंजाइश न हो क्या करें। तो हज़रत मुहम्मद ने जवाब दिया कि एक खजूर या पानी से ही इफ्तार करा दिया जाए।



यह महीना मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है। रमजान के तअल्लुक से हमें बेशुमार हदीसें मिलती हैं और हम पढ़ते और सुनते रहते हैं लेकिन क्या हम इस पर अमल भी करते हैं। ईमानदारी के साथ हम अपना जायजा लें कि क्या वाकई हम लोग मोहताजों और नादार लोगों की वैसी ही मदद करते हैं जैसी करनी चाहिए? सिर्फ सदकए फित्र देकर हम यह समझते हैं कि हमने अपना हक अदा कर दिया है। जब अल्लाह की राह में देने की बात आती है तो हमें कंजूसी नहीं करना चाहिए। अल्लाह की राह में खर्च करना अफ़ज़ल है। ग़रीब चाहे वह अन्य धर्म के क्यों न हो, उनकी मदद करने की शिक्षा दीगयी है। दूसरों के काम आना भी एक इबादत समझी जाती है। ज़कात, सदक़ा, फ़ित्रा, खैर ख़ैरात, ग़रीबों की मदद, दोस्त अहबाब में जो ज़रुरतमंद हैं उनकी मदद करना ज़रूरी समझा और माना जाता है। अपनी ज़रूरीयात को कम करना और दूसरों की ज़रूरीयात को पूरा करना अपने गुनाहों को कम और नेकियों को ज़्यादा करदेता है। मुहम्मद (सल्ल) ने फरमाया है जो शख्स नमाज के रोजे ईमान और एहतेसाब (अपने जायजे के साथ) रखे उसके सब पिछले गुनाह माफ कर दिए जाएँगे। रोजा हमें जब्ते नफ्स (खुद पर काबू रखने) की तरबियत देता है। हममें परहेजगारी पैदा करता है। लेकिन अब जैसे ही माहे रमजान आने वाला होता है, लोगों के जहन में तरह-तरह के चटपटे और मजेदार खाने का तसव्वुर आ जाता है। सूर्योदय फ़ज्र की नमाज़ की अज़ान से पहले कुछ खान पान कर लेते हैं, खजूर या अन्य मनपसंद चीज खाई जाती है जिसे सहरी कहा जाता है. वहीं, इफ़्तार सूर्य अस्त होने के बाद इफ्तार किया जाता है.

## लघुकथा

राजीव आनंद

# अनवर चाचू तथा मातमी कौन

❒ काम का जैसे जुनून सवार रहता अनवर पर, बस आप काम बोलिए, वह करने को तत्पर। आलस तो उससे कोसों दूर भागती। अनवर गरीब जरूर था लेकिन उसे रूपए-पैसे से मोह नहीं था। वह रईस दिलजान अहमद के किराना स्टोर में काम करता था। मालिक जब उसे तनख्वाह देता तो देने के पहले कई बार थूक लगा-लगा कर गिनता पर अनवर के हाथ में आते ही वह बिना गिने रूपए रख लेता और या तो काम में लग जाता या घर जाने के लिए निकल पड़ता. दिलजान अहमद जब अकेले होते तो सोचते कि जितनी तनख्वाह वह अनवर को देते, उससे दुगनी रकम के वे अनवर के कर्जदार हो जाते। जितना काम अनवर करता है उसे तय तनख्वाह से अधिक मिलना ही चाहिए लेकिन यह दिलजान अहमद के सोच तक ही रही कभी हकीकत न बन पायी। अनवर न सिर्फ दुकान का काम करता बल्कि फल-सब्जी वगैरह भी ला देता, बच्चों को स्कूल भी ले जाता और ले आता। दिलजान का दिल होता था कि वह अनवर से उसके बाल-बच्चों के बारे में भी पूछे लेकिन दिलजान की दिल की बात दिल में ही रह जाती। दुकान चलाने में इतनी व्यस्तता होती कि वह अनवर से कभी यह नहीं पूछ पाया कि उसके बाल-बच्चे स्कूल भी जाते है या नहीं? अनवर जब मालिक के बच्चों को स्कूल पहुंचाने और स्कूल से लाने जाता तो बच्चे कभी चॉकलेट, कभी मिठाई, कभी कोई खिलौना लेने की जिद करते, उसे अनवर खरीद देता था। कभी जब बच्चे अपने अब्बू दिलजान से कोई चीज लाने की जिद करते और दिलजान उसे टाल देता तो बच्चे अपने अब्बू को कह देते कि अनवर चाचू से बोलकर मंगवा लेगा। दिलजान मन ही मन सोचता कि अनवर इतना कुछ मेरे बच्चो, परिवार के लिए करता है, इस बार ईद में अगर नयी नहीं तो पुरानी कमीज, पजामा, पतलून उसे जरूर देगा। हालांकि ईद के कुछ दिन पहले से ही अपने कीमती मोबाइल फोन पर एलर्ट सूचना में अनवर को पुराने कपड़े दिए जाने की बात दिलजान ने डाल दिया था लेकिन इस बार भी ईद में अपनी बीवी, दो बेटों और दो बेटियों और हां खुद के नये कपड़े खरीदने में इतना व्यस्त रहा कि पुराने कपड़े अनवर को देने भी है, उसके दिमाग से उतर गया। चाँद रात को दिलजान को बड़ी शर्मिंदगी महसूस हुई जब उसने देखा कि अनवर दिलजान के बच्चों के लिए उनके फरमाइश के नये-नये जीन्स और झालर वाला लंहगा लाकर बच्चों को देकर उनके साथ खेल रहा है और खुश भी हो रहा है। दिलजान ने झेंपते हुए कहा कि इसकी क्या जरूरत थी अनवर, मैंने तो बच्चों के लिए नये कपड़े खरीद दिये थे। खैर तुम्हें कितने रूपए दूं बच्चों के नये कपड़े लाने के लिए। अनवर मुस्करा दिया, छोड़िए न मालिक आपके बच्चे मुझे चाचू कहते है तो ईद में उन्हें नये कपड़े देने का मुझे भी तो हक है और ईद की बेइंतहा खुशी को समेटे अनवर अपने बच्चों के साथ ईद मनाने घर की ओर चल पड़ा था। दिलजान के बच्चे अपने अनवर चाचू को अलविदा कहते हुए हाथ हिला रहे थे।

## जीवन सूत्र

# स्वामी अवधेशानंद जी गिरि के जीवन सूत्र

❒ छोटी सी घटना के भी बड़े परिणाम आ सकते हैं. स्वामी अवधेशानंद जी गिरि का मानना है कि जीवन में किसी भी घटना, चाहे वह छोटी हो या बड़ी, के पीछे गहरे परिणाम हो सकते हैं। एक साधक को हर क्षण सतर्क रहना चाहिए और अपनी हर क्रिया में संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए, क्योंकि छोटे से छोटे कदम का भी जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। हमेशा सतर्क रहना चाहिए. जीवन में आने वाली चुनौतिया और घटनाए अप्रत्याशित हो सकती हैं। इसलिए हमेशा सतर्क रहकर, अपने फैसलों और कार्यों पर विचार करना जरूरी है। स्वामी जी का यह संदेश है कि यदि हम सतर्क रहते हैं, तो हम किसी भी परिस्थिति का सामना अधिक बेहतर तरीके से कर सकते हैं।स्वामी जी के इन सूत्रों से हमें यह सिखने को मिलता है कि हर परिस्थिति और घटना को समझदारी से लिया जाए, क्योंकि छोटे-छोटे निर्णय हमारे जीवन के बड़े हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं।

राजेश वर्मा

# सर्कस

❒ छुट्टी के दिन थे। माँ ने कहा हम लोग एक दिन सर्कस देखने जाएँगे। सर्कस क्या होता है?" मीता ने पूछा,सरकस एक मजेदार खेल है। बहुत से लोग खेलते हैं। हम उनको देखते हैं। माँ ने बताया। अच्छा? कौन कौन खेलते हैं? मीता ने पूछा। कुछ लड़के, कुछ लड़कियाँ, कुछ पशु-पक्षी और सरकस में मसखरे भी होते हैं। मसखरे मतलब जोकर, जो हमें हँसाते भी है। माँ ने बताया। अच्छा, तो लड़के लड़कियाँ क्या क्या खेलते हैं? मीता ने पूछा,क्या वे मेरे साथ गुड़िया खेलेंगे। नहीं नहीं, माँ ने कहा, वे लोग काफी कठिन खेल खेलते हैं जैसे एक पहिये की सायकिल चलाना, ऊँचे से कूदना, झूलों पर हाथ छोड़कर कूद जाना फिर एक दूसरे को पकड़ लेना। अच्छा, हम उनके जादू जैसे खेल सिर्फ देखते हैं उनके साथ खेलते नहीं है। मीता ने बात को समझते हुए कहा, लेकिन वे जादू कैसे करते हैं?


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❒ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।




सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# राजस्व प्रशासन का 13 वर्षों से पीड़ित के साथ अन्याय

## झूठे झांसे की वजह दोनों युवक सरकारी नौकरी से वंचित

> दो करोड़ मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग.
> वैशाली बोथले और विनोद खोबरागड़े की प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेतावनी.

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

सिविल न्यायालय के पास पंजीकृत दस्तावेज को तलब करने का अधिकार होने के बावजूद, विरोधी पक्ष ने पुरस्कार प्रमाण पत्र दस्तावेज के खिलाफ वरोरा उप-विभागीय अधिकारी न्यायालय में अपील दायर की। वर्ष 2016 में वरोरा के एसडीओ ने फर्जी आदेश जारी कर वैशाली बोथले के दोनों बच्चों को वेकोलि में 13 साल तक नौकरी से अन्यायपूर्ण तरीके से वंचित रखा। इस संबंध में हुई मानसिक पीड़ा से पीड़ित बोथले परिवार और विनोद खोब्रागड़े ने जिला प्रशासन से एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की है और एक पत्रकार वार्ता में दोषी पटवारी, विभागीय अधिकारी, तहसीलदार और उपविभागीय अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ न्यायाधीश के समक्ष शिकायत दर्ज कराएंगे।

विनोद खोबरागड़े ने चंद्रपुर श्रमिक पत्रकार संघ में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि वरोरा तहसील के मारडा में सर्वे क्रमांक 169/1 का रकबा 1.11 हेक्टेयर है। यह जमीन सनी बलिराम बोथले की है और इसका सर्वे क्रमांक 169/2 तथा क्षेत्रफल 1.12 हेक्टेयर है। यह भूमि 2012 में केशव बोथले द्वारा पंजीकृत दस्तावेज के अनुसार उपहार प्रमाण पत्र के रूप में संजोग बलिराम बोथले को हस्तांतरित की गई थी। इसी आधार पर संबंधित राजस्व अधिकारी ने सातबारा भी तैयार किया। पंजीकृत दस्तावेजों को चुनौती देने का अधिकार केवल सिविल न्यायालय में निहित है, राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, उप-विभागीय अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट या अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर में नहीं, इस तथ्य के बावजूद विरोधी पक्ष ने पंजीकृत दस्तावेज के खिलाफ वरोरा उप-विभागीय अधिकारी के पास अपील दायर की और 2016 में वरोरा के एसडीओ ने एक फर्जी आदेश जारी कर बोथले परिवार के साथ अन्याय किया और उनके दो बेटों सनी और संजय को 13 साल के लिए नौकरी से वंचित कर दिया। परिणामस्वरूप, इस परिवार को पिछले 13 वर्षों से भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। एसडीओ के फर्जी आदेश के खिलाफ चंद्रपुर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के पास अपील दायर करने के बाद, एसडीओ के आदेश को 2022 में रद्द कर दिया गया और मूल रिकॉर्ड के अनुसार सातबारा सनी बोथले और संजय बोथले के नाम सही कर दिए गए। लेकिन तीन साल बाद भी तलाठी, विभागीय अधिकारी, तहसीलदार और वरोरा उप-विभागीय अधिकारी जिला कलेक्टर के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं और परिवार के साथ अन्याय कर रहे हैं।

इस संबंध में बोथले परिवार की समस्या यह थी कि विनोद खोबरागड़े ने आदेश के अनुसार रिकॉर्ड सुधारने के लिए शिकायत दर्ज की और 18 फरवरी 2025 को तलाठी और मंडल अधिकारी को मूल मालिक सनी और संयोग के नाम पर सातबारा तैयार करने के लिए मजबूर किया गया और वह सातबारा मूल मालिक के नाम पर था। उन्होंने पिछले 13 वर्षों में राजस्व प्रशासन द्वारा किए गए अन्याय के कारण बोथले परिवार को हुए नुकसान के लिए सनी और संजय को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की है और भूमि रिकॉर्ड में फर्जी बदलाव करने के लिए तलाठी विभागीय अधिकारी, वरोरा तहसीलदार और उप-विभागीय अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पत्र परिषद में चेतावनी दी गई है कि यदि 7 दिनों के भीतर मांग पूरी नहीं की गई तो वे न्यायाधीश के समक्ष शिकायत दर्ज कराएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैशाली बोथले, बलिराम बोथले और विनोद खोबरागड़े उपस्थित थे।





## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर माणिकगढ़ शंकर देव मंदिर में प्रसाद वितरण

**गड़चांदूर.**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर, माणिकगढ़ पहाड़ी पर स्थित शंकर देव मंदिर में प्रतिवर्षानुसार भव्य यात्रा का आयोजन किया गया। भगवान शिव के दर्शन के लिए हजारों भक्त इस मंदिर में दर्शन हेतू उमड़े। श्रद्धालुओं के प्रति सेवा भावना से सुनील झाडे व महादेव हेपट की ओर से गड़चांदूर स्थित अंबेडकर चौक, छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास आने वाले श्रद्धालुओं को करीब डेढ़ क्विंटल साबूदाना खिचड़ी वितरित की गई।

इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम में हंसराज चौधरी, नोगराज मंगरुलकर, रऊफ खान वजीरखान, विठ्ठल थिपे, अशोक बावणे, सचिन भोयर, आशीष देरकर, शैलेश लोखंडे, संतोष महाडोले, अक्षय गोरे, पवन राजुरकर, रोहित शिंगाड़े, संजय रणदिवे, राकेश शेंद्रे, गणेश सातपड़े, प्रवीण देवलवार, प्रणित अहिरकर, प्रणय पनघाटे, श्रीनिवास पवार, सागर मासे, मुक्तार अली, अमन निजामी, गुणवंत खोके, विशाल राव, हिमांशु गोरे, सुहास बोधे, राजीव विश्वास, सुयोग भोयर, अतुल बोबड़े, दशरथ जुमनाके, ऋषि चटप, शुभम बावणे, संकेत लांडे, हरि कुरेकर, दत्तू पनघाटे, मयूर येडमे आदि उपस्थित थे।

महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए आयोजित इस पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है तथा यह सेवा कार्य श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायी रहा है।



## बजाज विद्या भवन में मराठी भाषा गौरव दिवस उत्साह से मनाया

**चंद्रपुर.** सर्वोदय महिला मंडल द्वारा आयोजित मराठी दिवस बजाज विद्या भवन में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल की निदेशिका ममता बजाज और प्रिंसिपल रुबीना शेख मैडम की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें मराठी भाषा और उसके संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मराठी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद कक्षा 3 के छात्र यथार्थ ठाकरे ने मराठी भाषा के महत्व को समझाते हुए एक प्रभावशाली भाषण दिया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन वल्लभ पांडे, रियांश नगराले, प्रियांशी चवलढाल और स्पृहा गंगवे ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत, जिसमें विद्यार्थियों की कला और प्रतिभा को मंच मिला, कक्षा 3 और 4 के विद्यार्थियों ने मराठी भाषा की धुनों पर समूह गान प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा 3 और 4 के विद्यार्थियों ने लयबद्ध और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर महाराष्ट्र की समृद्ध संस्कृति को दर्शाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक प्रस्तुति थी। इस नाटक के माध्यम से छात्रों ने मराठी भाषा के संरक्षण और उसके महत्व को बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया। और भविष्य में मराठी भाषा को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल ने विद्यार्थियों में मराठी भाषा के प्रति गौरव की भावना पैदा करने का प्रयास किया। प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा संदेश दिया कि मराठी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को पहल करनी चाहिए। स्कूल की शिक्षिका शीतल आभारे ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। स्कूल की मराठी विभाग की शिक्षिकाओं भाग्यश्री आईंचवार, शीतल आभारे, राजश्री हिवराले और वैशाली नन्नावरे ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारोही प्रतिमा के लिए स्थान निर्धारित करें: विधायक जोरगेवार

> तहसील कार्यालय में बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारीयों को निर्देश

**घुग्गुस.** छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल महाराष्ट्र के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। उनकी वीरता, बहादुरी और दूरदर्शिता आज भी हर भारतीय के दिल को प्रेरित करती है। इसलिए, उनकी घुड़सवार प्रतिमा का निर्माण महज एक परियोजना नहीं होगी, बल्कि घुग्घुस के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक होगा। इस कार्य में किसी को भी बाधा उत्पन्न नहीं करनी चाहिए। विधायक किशोर जोरगेवार ने निर्देश दिया है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग, घुग्घुस नगर परिषद प्रशासन और सभी संबंधित विभाग लॉयड मेटल कंपनी गेट के सामने के क्षेत्र का निरीक्षण करें और स्थान निर्धारित करें।



घुग्घुस में छत्रपति शिवाजी महाराज की घुड़सवार प्रतिमा को लेकर आज तहसील कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार विजय पवार, घुग्घुस के मुख्य अधिकारी रंजनकर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के उपविभागीय अभियंता प्रकाश अमरशेट्टीवार, जिला डिपो प्रबंधक स्मिता सुतावने, लॉयड मेटल कंपनी के प्रबंधक पवन कुमार मेश्राम, शिवाजी महाराज समिति के सदस्य चेतन बोबड़े, सोनल भारतकर, संतोष नुने आदि उपस्थित थे।

शिव प्रेमी और शिव स्मारक समिति ने इस प्रतिमा को स्थापित करने के लिए बड़ी ईमानदारी से पहल की है। इसलिए प्रशासन और संबंधित विभागों को इस पर सकारात्मक निर्णय लेकर काम में तेजी लानी चाहिए। लॉयड मेटल कंपनी प्रबंधन को भी इस समुदायोन्मुखी कार्य में बाधा नहीं डालनी चाहिए, बल्कि पूर्ण सहयोग करना चाहिए। लोक निर्माण विभाग को तुरंत साइट का सर्वेक्षण करना चाहिए, नियोजित स्थान को अंतिम रूप देना चाहिए, और तुरंत आवश्यक प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

यह प्रतिमा भविष्य में घुग्घुस के गौरव का प्रतीक बनेगी और यहां की नई पीढ़ी को छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों से प्रेरित करेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के पूज्य देवता हैं। उनकी प्रतिमा का निर्माण शिव प्रेमियों के लिए सिर्फ भावना का विषय नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव का हिस्सा है। इसलिए, सभी को एक साथ आना चाहिए, योजनाबद्ध और तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और इस कार्य को पूरा करना चाहिए, ऐसा विधायक किशोर जोरगेवार ने बैठक में बोलते हुए कहा।

## चंद्रपुर शहर में 250 किलो प्लास्टिक जब्त

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर महानगरपालिका द्वारा एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और नगर निगम की टीम ने दादमहल वार्ड में वाशिम खान के घर से 250 किलोग्राम प्लास्टिक पन्नी जब्त की है और संबंधित पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

आयुक्त एवं प्रशासक विपिन पालीवाल के निर्देशानुसार प्रतिबंधित एवं एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई के लिए 8 टीमें गठित की गई हैं। ये सभी टीमें शहर में नियमित ऑपरेशन चलाती हैं। इस बार भी नगर पालिका को इस दुकान के संबंध में गोपनीय सूचना मिली थी। नगर पालिका को अवैध भंडारण के संबंध में कई जानकार व्यक्तियों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, क्योंकि प्लास्टिक भंडारण और थैलियों के बारे में सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाती है और दी गई सूचना सही पाए जाने पर 5,000 रुपये का इनाम दिया जाता है।



राज्य में 1 जुलाई 2022 से एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन, आयात, भंडारण, परिवहन, वितरण, बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। महाराष्ट्र प्लास्टिक और थर्मोकोल अधिसूचना 2018 के अनुसार, मौके पर 500 रुपये का जुर्माना, संस्थागत स्तर पर 5,000 रुपये तक का जुर्माना, दूसरी बार उपयोग के लिए 10,000 रुपये और तीसरी बार अपराध करने पर 25,000 रुपये का जुर्माना और 3 महीने की कैद है।

उक्त कार्रवाई आयुक्त विपिन पालीवाल के मार्गदर्शन में तथा अपर आयुक्त चंदन पाटिल, उपायुक्त मंगेश खवले, सहायक आयुक्त शुभांगी सूर्यवंशी, स्वच्छता निरीक्षक शुभम खोटे, शुभम चिंचेकर, राहुल गगापल्लीवार, प्रफुल पोतराजे तथा रुचिर कोरेकर के प्रत्यक्ष नियंत्रण में की गई।





## जनता कॉलेज में कॉलेज फेस्ट 2024-25 संपन्न

> खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**चंद्रपुर.**

जनता महाविद्यालय, चंद्रपुर के तत्वावधान में चांदा शिक्षण प्रसारक मंडल, चंद्रपुर द्वारा 'कॉलेज फेस्ट 2024-25' का आयोजन प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम, चंद्रपुर में किया गया। कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और सांस्कृतिक समिति ने संयुक्त रूप से कॉलेज उत्सव 2024-25 के दौरान कई पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन किया और सुपर सिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, रस्साकशी जैसे खेलों के साथ-साथ फूड फेस्टिवल और पारंपरिक टैलेंट हंट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कॉलेज में पोस्टर मेकिंग, लिखित संचार कौशल, एक्सटेम्पोर, सेमिनार, निबंध लेखन, विज्ञान प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। कला, वाणिज्य और विज्ञान वर्ग के यूजी और पीजी छात्रों ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम वर्ष भर की गतिविधियों का समापन था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता और व्यक्तित्व प्रतियोगिताएं मिस्टर एवं मिस जेएमवी शामिल थीं।

सभी गतिविधियाँ और प्रतियोगिताएँ चांदा शिक्षण प्रसारक मंडल के सचिव डॉ. अशोक जीवतोड़े और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम. सुभाष के मार्गदर्शन में आयोजित की गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन चांदा शिक्षण प्रसारक मंडल की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जीवतोड़े द्वारा किया गया। तो डॉ. एम. सुभाष, नागरानी सुभाष मेकला, उप प्राचार्य डॉ. ए.के. महाताले, डॉ. के.सी.पाटिल, प्रो. वी.एस. बोधले, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. एन.आर. बेग, शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. क. एस. ठाकरे, सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ. इमैनुएल कोंड्रा, डॉ. ज्योति पैघन और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रसिद्ध गायक शुभम लोखांडे, मोनाली शर्मा, श्रीमती. दीक्षा कामतकर, सुप्रसिद्ध कोरियोग्राफर प्रो. मानस रामटेके, आशा मानवटकर, रूपाली भगत, यूथ आइकॉन और नागपुर की प्रसिद्ध मॉडल मिस आयुषी लाडे, मिसेज जुसेना और हाल फिलहाल में काम कर रही हैं। छात्रा सुश्री. स्नेहा मेश्राम, सौ. सुश्री समृद्धि खंडेलवाल जान्हवी रायपुरे, सुश्री जान्हवी कुबड़े, वेदिका धोटे और क्रांतिवीर सिडाम ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए संचालक के रूप में काम किया। डॉ. पी.बी. चहारे, डॉ. मनीषा महाताले, डॉ. कीर्ति वर्मा, डॉ. मनीष जीवतोड़े, डॉ. असलम सूर्या, डॉ. दीपिका संतोष्वर, प्रो. विनोद रामटेके, क्षमा गवई, सोनाली सारदा, वर्षा पाण्डेय, कृतिका कपूर, सुलभा वानखेड़े, दामिनी शेडमेके, हर्षा वानखेड़े ने भाग लेने वाले छात्रों को प्रशिक्षित करने, तैयार करने और सुधारने के लिए कड़ी मेहनत की।

समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जीवतोड़े थीं और डॉ. एम सुभाष एवं सभी उप-प्रधानाचार्य, आईक्यूएसी समन्वयक, शारीरिक शिक्षा निदेशक, सांस्कृतिक समिति के प्रमुख एवं सीनेट सदस्य डॉ. प्रवीण जोगी मंच पर उपस्थित थे, प्रारंभ में डॉ. एम. सुभाष के कुशल मार्गदर्शन में किया. सांस्कृतिक समिति की सदस्य क्षमा गवई और प्रो. हृदयशाह आत्राम द्वारा संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक 'बिजनेस इकोनॉमिक्स' प्रकाशित हुई। तत्पश्चात, मेधावी छात्र-छात्राओं, विश्वविद्यालय के रंगकर्मियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेताओं को मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन डॉ. दीपिका संतोष्वर और डॉ. मनीषा महाताले ने पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों पर रिपोर्ट पढ़ी, सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्र स्वयंसेवकों ने कड़ी मेहनत की।



# कियारा-सिद्धार्थ के घर आने वाला है नन्हा मेहमान



लिखा- 'जिंदगी का सबसे बड़ा गिफ्ट...'

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी बॉलीवुड की सबसे प्यारी जोड़ी है. फैंस इस कपल को बेहद पसंद करते हैं. वहीं अब कियारा और सिद्धार्थ के घर नन्हा मेहमान आने वाला है. जी हां कपल जल्द ही पेरेंट्स बनने हैं. जोड़ी ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर ये गुड न्यूज फैंस के साथ शेयर की है. इसी के साथ हर कोई कपल को बधाई दे रहा है.

शुक्रवार को, कियारा और सिद्धार्थ ने एक जॉइंट पोस्ट शेयर कर प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की. पोस्ट में एक कपल के हाथ नजर आ रहे हैं और वे एक बच्चे के मोज़े का जोड़ा पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं. इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा है, "हमारी लाइफ का सबसे बड़ा गिफ्ट जल्द आ रहा है. कियारा और सिद्धार्थ की मुलाकात उनकी 2021 की फिल्म शेरशाह के सेट पर हुई थी. इस वॉर ड्रामा में सिद्धार्थ ने परमवीर चक्र दिवंगत कैप्टन विक्रम बत्रा की भूमिका निभाई थी. वहीं फिल्म में कियारा ने उनकी गर्लफ्रेंड डिंपल चीमा का किरदार निभाया था. इस फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ी थीं और फिर उन्होंने डेटिंग शुरू कर दी थी.कियारा और सिद्धार्थ 7 फरवरी, 2023 को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शादी के बंधन में बंधे थे. कपल ने परिवार के सदस्य और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में ड्रीमी वेडिंग की थी. हालाँकि, बाद में इस जोड़े ने मुंबई में एक मेगा स्टार-स्टडेड रिसेप्शन होस्ट किया था. अब शादी के दो साल बाद ये जोड़ी पेरेंट्स बनने वाली है. वर्कफ्रंट की बात करें तो कियारा जल्द ही रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 में नजर आएंगी. वहीं दूसरी ओर, सिद्धार्थ मल्होत्रा फिलहाल परम सुंदरी की शूटिंग में बिजी हैं. इस फिल्म में वे जाह्नवी कपूर संग नजर आएंगे.

## लड़ाई के बाद प्रिंस नरूला और एल्विश का हुआ पैचअप

प्रिंस नरूला और एल्विश यादव अपनी लड़ाई को लेकर सुर्खियों में बने हुए थे. इन दोनों की रोडीज में भयानक लड़ाई हुई थी. उनकी लड़ाई की वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे. अब एक वीडियो सामने आया है जिसमें दोनों पैचअप करते नजर आ रहे हैं. प्रिंस एल्विश को अपना छोटा भाई कह रहे हैं.



साथ ही बता रहे हैं कि दोनों के बीच शो पर जो कुछ भी बहस हुई. उसके बाद दोनों के बीच सब ठीक है.वायरल वीडियो में प्रिंस और एल्विश साथ में नजर आ रहे हैं. वीडियो में एल्विश कहते हैं हांजी क्या चल रहा है ये सब. उसके बाद प्रिंस कहते हैं- 'ये मेरा छोटा भाई है और हमेशा रहेगा. हम दोनों के बीच ऐसे ही किसी को लेकर बहस हुई थी. वो अब खत्म हो गई है. ये मेर लाडला भाई है. अब कोई इसके दोरे आएगा तो हम उसके दोरे आएंगे.' प्रिंस के बाद एल्विश कहते हैं. 'हम दोनों के बीच सारी चीजें क्लियर हैं. ऑल कूल है. ' उसके बाद प्रिंस कहते हैं- आई लव यू भाई. फिर एल्विश कहते हैं- 'आई लव यू टू भाई.'बता दें रोडीज में एल्विश और प्रिंस के बीच भयानक लड़ाई हो गई थी. इसकी शुरुआत एल्विश से हुई थी. एल्विश ने प्रिंस से कहा था- संभाल लो अपना टाइम भाई. जिसके जवाब में प्रिंस ने कहा- संभाला हुआ है बाई. प्रिंस यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा- हमारा भी 10 साल से चलता आ रहा है. इसके बाद एल्विश ने कहा था- तुम्हारा कुछ नहीं चल रहा है. तुम्हारे जैसे सांप होते हैं जिनपर केस लग रखे हैं.

## सारा तेंदलकर ने समुद्र किनारे दिखाई बोल्डनेस

क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर अपनी खूबसूरती के साथ-साथ बोल्डनेस से फैंस के होश उड़ा देती हैं. सारा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनके फोटोज और वीडियोज आते ही इंटरनेट पर वायरल हो जाते हैं. सारा को बीच बहुत पसंद हैं, हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें सारा तेंदुलकर ग्रीन कलर के रिवीलिंग आउटफिट में बला की खूबसूरत लग रही हैं.इस तस्वीर में सारा तेंदुलकर बीच पर जमकर एंजॉय करती नजर आ रही हैं. फोटो में वह ग्रीन कलर के आउटफिट में अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं.इस तस्वीर में सारा तेंदुलकर बीच पर बैठकर बेरीज खाती दिख रही हैं. इस ग्रीन आउटफिट में वह अपना क्लीवेज जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं.

इस तस्वीर में सारा तेंदुलकर अपनी स्माइल से फैंस के दिलों को चकनाचूर कर रही हैं. फोटो में वह अपने लुक्स से कहर ढा रही हैं. सारा के ये फोटोज जमकर वायरल हो रहे हैं. इस तस्वीर में सारा तेंदुलकर ग्रीन बिकिनी पहनकर समुद्र में उतरती दिख रही हैं. सचिन की लाडली के इन फोटोज को आब तक लाखों की संख्या में लाइक किया जा चुका है.

## अक्षय ओबेरॉय का डांस का जुनून

बॉलीवुड एक्टर अक्षय ओबेरॉय करण जौहर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं. वरुण धवन और जाह्नवी कपूर स्टारर इस अपकमिंग फिल्म में अक्षय



ओबेरॉय चार गानों पर डांस करते नजर आएंगे. इससे पहले अक्षय 'फाइटर' के गाने 'शेर खुल गए' में ऋतिक रोशन के साथ डांस कर चुके हैं. उन्होंने कहा, "मुझे हमेशा से डांस करना पसंद रहा है लेकिन यह पहली बार है जब मैं एक ही फिल्म में 4 गानों पर डांस करता नजर आऊंगा.

वहीं अक्षय ने 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में अपने चार डांस नंबर्स को लेकर एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए कहा,शेर खुल गए' में ऋतिक रोशन के साथ डांस करना एक शानदार अनुभव था. वरुण धवन, सान्या और जाह्नवी कपूर भी बेहतरीन डांसर हैं और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के साथ मुझे वास्तव में अपने इस पहलू को तलाशने का मौका मिला और यह मेरे लिए रोमांचक एहसास है.

उन्होंने कहा कि स्क्रिप्ट की मांग थी कि फिल्म में कई एनर्जेटिक गाने हों. अक्षय ने आगे कहा, "मुझे कभी भी ऐसे रोल का हिस्सा बनने का मौका नहीं मिला. यह पहली बार है, जब मैं किसी फिल्म में इतना डांस करूंगा. मैं फिल्म और गाने को लेकर एक्साइटेड हूं. इन गानों की शूटिंग में मुझे बहुत मजा आया.

इससे पहले अक्षय ने बताया था कि 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में काम करना उनके करियर की एक बड़ी सफलता है.उन्होंने कहा,हमारी इंडस्ट्री में करण जौहर की फिल्में ना केवल अपनी कहानी कहने के लिए बल्कि दर्शकों पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए भी जानी जाती हैं. धर्मा फिल्म का हिस्सा बनना एक विरासत में शामिल होने जैसा है. यह किसी भी अभिनेता के लिए एक सपना है क्योंकि इसके साथ बहुत अधिक एक्सपोजर, पहुंच और सम्मान आता है.सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को उन्होंने अपने करियर में एक नए चैप्टर की शुरुआत बताया और कहा कि आगे की जर्नी के लिए वह बेहद एक्साइटेड हैं.

## मोनालिसा ने 'मैनियॉक' गाने पर किया शानदार डांस

महाकुंभ में रुद्राक्ष की माला बेचने वाली मोनालिसा की जिंदगी अब पूरी तरह से बदल गई है. अब वह जल्द ही हीरोइन बनने वाली हैं, जिसको लेकर उनकी ट्रेनिंग भी शुरू हो गई है. मोनालिसा फिलहाल नेपाल में हैं और अपनी लाइफ के खूबसूरत पलों को जी रही हैं. वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती नजर आ जाती हैं. अब हाल ही में मोनालिसा का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वायरल गर्ल अपनी अदाओं से फैंस के होश उड़ा रही हैं. इस वीडियो में मोनालिसा यो यो हनी सिंह के सुपरहिट



गाने 'मैनियॉक' पर लटके-झटके दिखा रही हैं. इस वीडियो में महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा नेपाल में अपने होटल में घूमती नजर आ रही हैं. वीडियो में वह व्हाइट कलर की मैक्सी ड्रेस पहनें दिख रही हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि मोनालिसा ने इस आउटफिट के साथ अपने सिर पर काला चश्मा लगाया हुआ है. इस वीडियो में मोनालिसा का एटीट्यूड जबरदस्त लग रहा है. इस वीडियो के बैकग्राउंड में यो यो हनी सिंह का गाना 'मैनियॉक' बज रहा है. महाकुंभ की वायरल गर्ल के इस वीडियो पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

बता दें कि महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा डांस में माहिर हैं. इस दूसरे वीडियो में वह अपने लटकों-झटकों से फैंस के दिलों को घायल कर रही हैं. मोनालिसा के इस वीडियो पर रिएक्ट करते हुए एक यूजर ने लिखा,'आप से ज्यादा खूबसूरत और कोई नहीं है.' तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा,'अपनी इस मासूमियत को ऐसे ही बनाए रखिएगा.' बता दें कि महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा राइटर और प्रोड्यूसर सनोज मिश्रा की अपकमिंग फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आने वाली हैं. मोनिलासी की इस फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं.

## नेटफ्लिक्स सीरीज में ड्रग्स माफिया का नया चेहरा

### शबाना आजमी का दमदार किरदार



ड्रग्स माफिया पर अब तक न जाने कितनी फिल्में बन चुकी हैं लेकिन ज्यादातर में ड्रग माफिया एक मेल विलेन होता है और एक दो सुंदर लड़कियां उसके ग्रुप में डाल दी जाती हैं ग्लैमर बढ़ाने के लिए. लेकिन नेटफ्लिक्स की इस सीरीज ने मामला पलटा है. यह पूरा ड्रग बिजनेस औरतें चलाती हैं और गजब तरीके से चलती हैं. खासतौर पर शबाना आजमी स्क्रीन पर गजब पावरफुल लगती हैं और एक ड्रग डीलर से कहती भी हैं कि माल भले तेरा है लेकिन मार्केट मेरा है और ये औरतें इस मार्केट की क्वींस हैं.

इस सीरीज की बहुत बड़ी खूबी इसके एक्टर हैं. सबने कमाल का काम किया है. शबाना आजमी अपने एक लुक से सामने वाले को जिस तरह से डराती हैं वो बताता है कि वो किस कद की एक्ट्रेस हैं. उन्हें स्क्रीन पर देखकर मजा आता है. उन्होंने बहुत पावरफुल परफॉर्मेंस दिया है. ज्योतिका का काम भी जबरदस्त है. वो उन बहुत सारी महिलाओं की आवाज हैं जो अपने दम पर कुछ करना चाहती हैं और इस आवाज को उन्होंने बड़े अच्छे तरीके से उठाया है. ये कहानी कुछ ऐसी औरतों की है जिनकी कोई न कोई मजबूरी है और उन्हें पैसा चाहिए. कोई घर में साफ सफाई का काम करती है, किसी को अपने होने वाले बच्चे के लिए पैसा चाहिए, किसी को अपने बिजनेस का बड़ा करना है. हालात इन सबको मिलाते हैं और ये लोग खाने के डब्बे में ड्रग्स सप्लाई करने का काम करते हैं. इन्हें लगता है ये थोड़े से पैसे कमाकर ये काम छोड़ देंगी लेकिन ये उस दलदल में फंस जाती हैं. फिर क्या होता है, इसके लिए आपको नेटफ्लिक्स पर इस सीरीज के 7 एपिसोड देखने होंगे, हर एपिसोड करीब 50 मिनट का है.

सीरीज शुरू में थोड़ी स्लो लगती है. पहले एपिसोड में कुछ खास नहीं होता लेकिन दूसरे एपिसोड से सीरीज मुद्दे पर आती है. शबाना आजमी की एंट्री के साथ ही सीरीज में नई जान आ जाती है और फिर तीसरे एपीसोड से जब ये गैंग डब्बा कार्टल चलाना शुरू करता है तो आपको मजा आता है. कम ही होता है कि फीमेल्स को इतना मजबूत दिखाया जाता है और किसी सीरीज को सिर्फ और सिर्फ फीमेल कैरेक्टर ही लीड करते हैं. इस सीरीज में सबका परफॉर्मेंस कमाल का है. एक भी कमजोर परफॉर्मेंस नहीं है. सबके किरदार को पूरा मौका दिया गया है. मेल कैरेक्टर्स को भी अच्छे से दिखाया गया है. कोई एक किरदार सीरीज पर हावी नहीं होता भले वो शबाना आजमी कैसी कमाल की एक्ट्रेस हों. वो स्क्रीन पर जब आती हैं कमाल करती हैं लेकिन बाकी किरदारों को भी उभरने का पूरा मौका मिलता है. एक दवाई बनाने वाली कंपनी का एंगल भी डाला गया है जो दवाई के नाम पर ड्रग्स बनाती है और ये कहीं कहीं थोड़ा खिंचा हुआ लगता है और उसकी वजह ये फीमेल किरदारों का कमाल का काम. आप उन्हें ही देखना चाहते हैं.

## मच-अवेटेड फिल्म 'सिकंदर' ईद पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. साल 2024 में सलमान खान की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई थी. अब साल 2025 में वह फिल्म 'सिकंदर' से अपने तमाम चाहने वाले फैंस को एंटरटेन करने वाले हैं. फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद लोग बेसब्र हो रहे हैं. फिल्म 'सिकंदर' में सलमान खान के अलावा कई बड़े स्टार्स नजर आने वाले हैं.

## फिल्मी दुनिया छोड़ रहे अमिताभ बच्चन?

सिनेमा जगत के ध्रुव तारा कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन के बिना तो फिल्म इंडस्ट्री सुनी लगेगी. सिर्फ भारत ही नहीं पूरे विश्व में इनकी फैन फॉलोइंग है. और बड़े पर्दे के इस सबसे बड़े स्टार के इंडस्ट्री छोड़कर जाने की बात तो किसी को राज



नहीं आएगी. इनकी फिल्मों के साथ ही टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति को भी लोग खूब पसंद करते हैं. दरअसल, कुछ समय पहले अभिनेता अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने "टाइम टू गो" लिखा था जिसका मतलब होता है- 'जाने का समय आ गया है'. इसी पोस्ट को लेकर उनके रिटायरमेंट की अफवाहें तेजी से फैलने लगीं. इनके फैंस हैरान हो गए. लोगों ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि क्या अभिनेता वाकई फिल्मों और केबीसी से रिटायरमेंट ले रहे हैं. लेकिन अब इन अफवाहों पर खुद अमिताभ बच्चन ने फुल स्टॉप लगाया है.

सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही इन अफवाहों को लेकर अब खुद अमिताभ बच्चन ने ये बात कही है. उन्होंने कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 के मंच पर यह बताया कि आखिर क्यों उन्होंने वो पोस्ट शेयर किया था और इसका मतलब उनके रिटायरमेंट से बिल्कुल भी नहीं है.

## आलिया ने मां सोनी से सीखी राहा के लिए खास रेसिपी

आलिया भट्ट बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं. अभिनेत्री ने अपने अब तक के करियर में तमाम हिट फिल्में दी हैं और अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है.आलिया भट्ट सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और हमेशा अपन लाइफ से जुड़ी अपडेट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं. फिलहाल राहा की मम्मी आलिया अपनी मां सोनी राजदान की किचन में कुकिंग लेसन ले रही हैं. इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है. आलिया ने अपने फैंस को अपनी मां के किचन के बारे



में जानकारी दी और खुलासा किया कि वह आखिरकार खाना बनाना सीख जाएंगी. आलिया ने बताया कि वह अपनी मां से अपना फेवरेट मैक एंड चीज बनाना सीख रही हैं. एक्ट्रेस ने खुलासा किया, ''मैं दो साल से अपनी मां से खाना बनाना सीखने की बात कर रही हूं...''यह सुनकर सोनी राजदान ने उन्हें टोकते हुए कहा, "नहीं, नहीं, अब तो कई साल हो गए!" इसके बाद आलिया ने बताया कि ज्यादातर बच्चों की तरह वह भी मानती हैं कि उनकी मां का खाना दुनिया का सबसे अच्छा खाना है और वह सबसे अच्छा खाना बनाती हैं. उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मां अब उनकी बेटी राहा के लिए वही खाना पका रही हैं जो वह और उनकी बहन शाहीन भट्ट खाकर बड़ी हुई थीं.वीडियो में आलिया कोबाल्ट ब्लू और चॉक व्हाइट वर्टिकल स्ट्राइप पैटर्न वाली स्ट्राइप्ड क्रॉप्ड शर्ट में काफी स्टाइलिश लग रही हैं.

# गुजरात की शानदार जीत

## आरसीबी को दी करारी शिकस्त

**बेंगलुरु.** कप्तान एशली गार्डनर की अर्धशतकीय पारी से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में दूसरी जीत दर्ज की।आरसीबी को सात विकेट पर 125 रन पर रोकने के बाद गुजरात की टीम ने 16.3 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। गार्डनर ने 31 गेंद में 58 रन की पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े।

गार्डनर ने फोबे लिचफील्ड (नाबाद 30) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 51 रन की साझेदारी कर मैच को आरसीबी की पकड़ से दूर कर दिया। आरसीबी की यह लगातार तीसरी हार है। आरसीबी के लिए रेणुका सिंह ठाकुर और जॉर्जिया वेरहैम ने दो-दो विकेट चटकाये।

इससे पहले डिएंड्रा डॉटिन (31 रन पर दो विकेट) और बायें हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (16 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात की टीम ने



आरसीबी को उसके सबसे कम स्कोर के बराबरी पर रोक दिया। आरसीबी के लिए कनिका आहूजा (28 गेंदों पर 33 रन) और राघवी बिष्ट (19 गेंदों पर 22 रन) ने चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 48 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए बेथ मूनी और दयालन हेमलता ने शुरुआती ओवरों में संभल कर बल्लेबाजी की।

मूनी ने रेणुका के खिलाफ पहले जबकि हेमलता ने किम गार्थ के खिलाफ दूसरे ओवर में चौका लगाया। हेमलता को पांचवें ओवर में रेणुका की गेंद पर ऋचा घोष ने स्टंप किया। रेणुका ने अपने अगले ओवर में मूनी को वेरहैम के हाथें कैच कराकर दूसरी सफलता हासिल की। गार्डनर ने क्रीज पर आते ही चौके के साथ खाता खोला और नौवें ओवर में प्रेमा रावत के खिलाफ लगातार तीन चौके और एक छक्का जड़ ओवर से 19 रन बटोरे। दूसरे छोर से लिचफील्ड ने वेरहैम, कनिका और स्नेह राणा के खिलाफ चौके लगाये। गार्डनर ने 16वें ओवर में वेरहैम के खिलाफ लगातार गेंदों में छक्के के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। वह हालांकि इसी ओवर में वेरहैम को कैच देकर पवेलियन लौट गयी। लिचफील्ड ने गार्थ के खिलाफ छक्का जड़ा और फिर वाइड गेंद से टीम को सत्र की दूसरी जीत मिल गयी।

**कनिका और राघवी की आक्रामक बल्लेबाजी**

कनिका और राघवी ने आक्रामक बल्लेबाजी कर मैच में वापसी करने की कोशिश की। कनिका ने लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा।

पारी के इस आठवें ओवर में 18 रन बनाये। कनिका ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के जबकि राघवी ने एक चौका और एक छक्का लगाया। मेघना सिंह के खिलाफ लांग ऑन के ऊपर से लगाया गया उनका छक्का शानदार था।

# दक्षिण अफ्रीका शीर्ष और इंग्लैंड प्रतिष्ठा के लिए खेलेगा

**कराची.** चैंपियंस ट्रॉफी के आज इंग्लैंड के साथ होने वाले ग्रुप बी के अपने आखिरी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर रहते हुए अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेगा। वहीं इंग्लैंड दाव में लगी प्रतिष्ठा के लिए खेलेगा।अफगानिस्तान पर 107 रनों की शानदार जीत दर्ज करने के बाद दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। इसके बावजूद मजबूत नेट रन रेट के साथ उसने सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। इस बीच इंग्लैंड का टूर्नामेंट में निराशाजनक अभियान जारी रहा उसे ऑस्ट्रेलिया से पांच विकेट और अफगानिस्तान से आठ रनों से हार का सामना करना पड़ा, जिससे कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया।कराची में पहले ही दो मैच खेल चुके दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अपनी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 352 और 315 रनों का स्कोर खड़ा किया



था। इस मैच में जीत से दक्षिण अफ्रीका की सेमीफाइनल में जगह पक्की हो जायेंगी और जिससे नॉकआउट चरण में भारत के साथ संभावित भिडंत से बचने में भी मदद मिलेगी।टूर्नामेंट में इंग्लैंड की बल्लेबाजी स्तर तो बेहतर रहा और उसने दोनों मैचों में 300 से अधिक रन बनाए हैं, लेकिन गेंदबाजी के क्षेत्र में उनके गेंदबाज महत्वपूर्ण क्षणों में विकेट लेने के लिए संघर्ष करते दिखायी दिये। जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।अफगानिस्तान से उनकी अप्रत्याशित हार ने उन्हें टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में केवल सम्मान के लिए खेलने के लिए छोड़ दिया है। कराची की परिस्थितियाँ बल्लेबाजी के अनुकूल होने पर बड़ा स्कोर वाला मुकाबला देखने को मिल सकता है। दक्षिण अफ्रीका नॉकआउट चरण से पहले टूर्नामेंट में अपने अपराजित रिकॉर्ड को बनाए रखने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा।

# कुमाऊं विवि के खेल विभाग ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

नैनीताल. कुमाऊं विश्वविद्यालय के खेल विभाग की पूर्णकालिक बैठक गुरुवार को मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में हुई बैठक में कुलपति प्रोफेसर दीवान एस. रावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का भी विकास करते हैं। खेल ही जीवन का आधार हैं।

# 'यह मेरा आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट है'

### दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने किया ऐलान



**कराची.** कराची में इंग्लैंड के खिलाफ अपने अहम मुकाबले से पहले दक्षिण अफ्रीका के दाएं हाथ के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने कहा कि मौजूदा टूर्नामेंट संभवतः उनके क्रिकेट करियर का आखिरी बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट होगा। शनिवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में प्रतियोगिता के अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में प्रोटियाज का मुकाबला जोस बटलर की अगुआई वाली टीम से होगा।

वैन डेर डुसेन ने कहा, 'यह निश्चित रूप से एक संभावना है कि यह मेरा आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट हो। मैं यह किसी पूर्वधारणा के साथ नहीं कह रहा हूं कि मैं इसे खत्म कर दूंगा या प्रबंधन मेरे करियर को खत्म कर देगा। यह सिर्फ वास्तविकता है।' इसके अलावा अनुभवी क्रिकेटर ने कहा कि उनके लिए अपने देश के लिए खेलना हमेशा उनका सबसे बड़ा और एकमात्र लक्ष्य रहा है।

वैन डेर डूसन ने कहा, 'मेरा अंतिम लक्ष्य हमेशा प्रोटियाज के लिए खेलना रहा है। लोग मुझसे पूछ रहे हैं, क्या आप इसके बाद लीग खेलेंगे? मुझे नहीं पता। मुझे नहीं पता कि प्रोटियाज के लिए नहीं खेलने की संभावना खत्म हो जाएगी या नहीं, मुझमें लीग में खेलने की भूख बनी रहेगी। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र लक्ष्य रहा है, इसलिए अगर यह लक्ष्य पूरा नहीं होता है, तो मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगा। अगर मुझे दूसरा अनुबंध दिया जाता है, तो मैं निश्चित रूप से इसे स्वीकार करूंगा और उस अवधि के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।'

36 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम के युवा बल्लेबाजों (ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी ज़ोरज़ी और मैथ्यू ब्रीट्ज़के) की प्रशंसा की जो वर्तमान में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनके साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह बहुत अच्छी बात है कि इतने सारे युवा खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, जो वाकई अच्छा खेल रहे हैं। ट्रिस्टन स्टब्स या टोनी डी जोरजी जैसे खिलाड़ी किनारे पर बैठे हैं। अगर आप घरेलू ढांचे में भी जाएं, तो मैथ्यू ब्रीट्जके आए और उन्होंने 150 रन बनाए। आप इससे भी पीछे जा सकते हैं; लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने वन-डे कप में वेस्टर्न प्रोविंस के खिलाफ शतक बनाया। रयान [रिकेल्टन] वास्तव में अभी शुरुआत कर रहे हैं, इसलिए बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी

# द.अफ्रीका की हार से टीमों के चयन पर पड़ेगा बड़ा असर

नई दिल्ली.आईसीसी मेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 11वें मुकाबले में साउथ अफ्रीका का सामना इंग्लैंड से होगा। इंग्लैंड की चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकी है लेकिन साउथ अफ्रीका की उम्मीदें अभी भी बरकरार है। कहा जाए कि साउथ अफ्रीका ग्रुप B से अगले दौर में जाने वाली सबसे बड़ी दावेदार है, तो यह गलत नहीं होगा। टीम के पास 2 मैचों के बाद 3 अंक हैं और नेट रनरेट इतना बेहतर है कि इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम का नहीं है। लेकिन क्रिकेट फैंस जानना चाह रहे हैं कि अगर साउथ अफ्रीका हार जाए तो फिर सेमीफाइनल पर क्या असर पड़ेगा। चलिए विस्तार



से समझाते हैं कि ग्रुप B से कौन सी टीमें सेमीफाइनल में जगह बना सकती हैं।

ग्रुप B से इंग्लैंड की टीम बाहर हो चुकी है और साउथ अफ्रीका के साथ अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल की रेस में शामिल हैं। अगर आज के मैच में ऑस्ट्रेलिया जीत जाती है तो साउथ अफ्रीका के साथ वे अगले दौर में पहुंच जाएगी और इंग्लैंड के साथ अफगानिस्तान भी टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। ऐसे में साउथ अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के खिलाफ हार भी जाती है तो भी वे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे। हालांकि अगर साउथ अफ्रीका आज का मैच जीत जाती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका का नेट रन रेट तय करेगा कि कौन सी टीम अगले दौर में जाएगी।

ऑस्ट्रेलिया अगर अफगानिस्तान से हार जाती है तो फिर साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ बड़ी हार से बचना होगा। हालांकि अगर वे इंग्लैंड के खिलाफ ज्यादा अंतर से मैच हार जाते हैं तो उनके अगले दौर में पहुंचने की संभावनाएं कम हो जाएंगी। फिलहाल प्रोटियाज टीम का नेट रनरेट +2.140 है तो ऑस्ट्रेलिया का नेट रनरेट +0.475 है। अफगानिस्तान की टीम तीसरे स्थान पर है और अगर वो ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है तो साउथ अफ्रीका के साथ सेमीफाइनल में जगह बना लेगी, क्योंकि उनके अंक ऑस्ट्रेलिया से ज्यादा हो जाएंगे और अफगानिस्तान से हारने के बाद कंगारुओं का नेट रनरेट और कम होगा।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड में शामिल होंगे आईसीसी मैच रेफरी डेविड

मेलबर्न. पूर्व बल्लेबाज डेविड बून पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद आईसीसी मैच रेफरी के अपने मौजूदा पद को छोड़ देंगे और 28 मार्च से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बोर्ड में शामिल होंगे।

बून (64 वर्ष) क्रिकेट तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और सीए में निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह लेंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू'ने सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड के हवाले से कहा,''मुझे बेहद खुशी है कि डेविड एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने विशाल अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे।''

उन्होंने कहा,'डेविड ने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में अपनी भूमिका में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करना जारी रखा है और यह हमारे लिए बहुत उपयोगी



होगा क्योंकि हम खेल के तेजी से बदलते परिदृश्य का सामना कर रहे हैं।

बून 2011 से आईसीसी मैच रेफरी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 टेस्ट और 181 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें उन्होंने कुल 13,386 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। वह भारत में 1987 में विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य थे।

# लखनऊ पहुंची यूपी वारियर्स

**लखनऊ.** महिला प्रीमियर लीग में अपने पहले घरेलू चरण के लिए लखनऊ में उतरी यूपी वारियर्स टीम का उत्साह चरम पर है। प्लेऑफ की संभावना को देखते हुए, टीम इकाना क्रिकेट स्टेडियम में अपने उत्साही घरेलू दर्शकों के सामने एक स्थायी प्रभाव छोड़ने के लिए उत्सुक है। यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा की अगुआई में लखनऊ पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। प्रशंसकों ने टीम का स्वागत करने के लिए कतार लगाई हुई थी, जबकि प्रतिष्ठित केडी सिंह स्टेडियम में एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने इस रोमांचक घरेलू चरण के लिए मंच तैयार कर दिया। घरेलू मैदान पर खेलने को लेकर उत्साहित दीप्ति शर्मा ने प्रशंसकों से टीम के समर्थन में एकजुट होने का आग्रह किया।



उन्होंने कहा,हम अपने घरेलू स्टेडियम में खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं और टीम खेलने के लिए बेताब है। आपके अटूट समर्थन के साथ, हमें पूरा भरोसा है कि हम प्लेऑफ के लिए क्वालीफिकेशन के लिए पूरी ताकत से प्रयास करेंगे। यूपी वॉरियर्स अपने घरेलू अभियान की शुरुआत 3 मार्च को गुजरात जायंट्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद 6 मार्च को मुंबई इंडियंस और 8 मार्च को गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला होगा। आगे के व्यस्त कार्यक्रम के साथ, टीम अपनी जीत की लय को बनाए रखने और नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी।

हालांकि वडोदरा में सीज़न की शुरुआत खराब रही, लेकिन यूपी वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करके हालात बदल दिए हैं। टीम ने दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल की, जिससे उनकी दृढ़ता और सफलता की भूख साबित हुई।सीज़न के सबसे बेहतरीन पलों में से एक ग्रेस हैरिस की शानदार हैट्रिक थी.

इस बीच, दुनिया की नंबर एक टी20 गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन ने अपनी शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत यूपी वारियर्स ने आरसीबी के खिलाफ सुपर ओवर में नाटकीय जीत दर्ज की और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

# इंडियन प्रीमियर लीग के 18वे संस्करण का शेडयूल जारी

**नई दिल्ली.**आईपीएल 2025 का कार्यक्रम 16 फरवरी को घोषित कर दिया गया। जिसके तहत तियोगिता 22 मार्च से शुरू होगी और 25 मई फ़ाइनल मैच खेला जाएगा। दो महीने चलने वाले इस टूर्नामेंट में 74 मैच खेले जायेंगे, जो देश के 13 शहरों में आयोजित होंगे। पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता में खेला जाएगा। इसके अलावा दूसरा मैच राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। वहीं, 5 बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मैच 23 मार्च को खेला जाएगा।

इसका प्रारूप आईपीएल 2024 जैसा ही है। इसके अनुसार 10 टीमों



को दो ग्रुपों में बांटा गया है। प्रत्येक टीम लीग चरण में 14 मैच खेलेगी। अंक तालिका में शीर्ष दो टीमें पहले क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर मैच खेलेंगी। पहले क्वालीफायर में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर में जीतने वाली टीम दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी। यहां का विजेता पहले क्वालीफायर के विजेता के खिलाफ फाइनल में पहुंचेगा।

पहला मैच 23 मार्च को एसआरएच और आरआर के बीच खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच चेन्नई और मुंबई के बीच शाम 7:30 बजे खेला जाएगा। इस सीज़न में सीएसके और चेन्नई लीग चरण में दो बार आमने-सामने होंगी। वहीं, एकमात्र लीग मैच आरसीबी और मुंबई के बीच 7 अप्रैल को खेला जाएगा। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। आईपीएल 2025 का फाइनल मैच 25 मई को खेला जाएगा। उद्घाटन और फाइनल मैच दोनों कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होंगे।

**टूर्नामेंट में कुल 74 मैच खेले जाएंगे.**

विश्व प्रसिद्ध लीग 13 शहरों में आयोजित की जाएगी। आईपीएल 2025 में 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल 2025 में लीग मैच 22 मार्च से 18 मई के बीच खेले जाएंगे। इसके बाद 20, 21, 23 और 25 मई को प्लेऑफ मुकाबले होंगे। आईपीएल 2025 का फॉर्मेट भी पिछले साल जैसा ही है। दो महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 10 आईपीएल टीमें: चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स- खिताब जीतने की पूरी कोशिश करेंगी।

# जर्मनी ओपन में कपिला-क्रास्टो की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली.**भारत की ध्रुव कपिला-तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल बैडमिंटन जोड़ी जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसेन-थुक फुओंग गुयेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं। वहीं प्रियांशु राजावत राउंड ऑफ 16 में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। राउंड ऑफ 16 में गुरुवार को 55 मिनट तक चले मुकाबले में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 37वीं रैंक पर मौजूद प्रियांशु राजावत को फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से 21-16, 18-21, 4-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रियांशु ने तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंदी को पहले गेम में कड़ी टक्कर दी और कोई भी मौका न देते हुए टोमा जूनियर को पहले गेम में 21-16 से हराया।दूसरे गेम में फ्रांस के बैडमिंटन खिलाड़ी ने मैच में शानदार वापसी की और 21-18 से दूसरा गेम जीत लिया और मैच को निर्णायक राउंड तक पहुंचा दिया। तीसरे राउंड में टोमा जूनियर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय शटलर को हराकर गेम अपने नाम कर लिया। इसी के साथ प्रियांशु का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है।

वहीं ध्रुव कपिला-तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने 32 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसेन-थुक फुओंग गुयेन को सीधे गेम में 21-10, 21-19 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल में थारुन मन्नेपल्ली ने कनाडा के ब्रायन यांग को 21-14, 15-21, 21-17 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में किरण जॉर्ज को सातवीं वरीयता प्राप्त चीन के वांग झेंग जिंग से 18-21,13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# हिमाचल में भारी बारिश से कई रोड और हाइवे बंद

> कुल्लू के ये इलाके जलमग्न
> गाड़ियां पानी में डूबी

**शिमला/कुल्लू.**



हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी और बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है और कई प्रमुख सड़कें और राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे कई क्षेत्रों में दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।लगभग 200 सड़कें बंद हो गई हैं, जिससे कुल्लू, लाहौल और स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिलों सहित कई इलाके अलग-थलग पड़ गए हैं।

**कुल्लू में इन इलाकों में भारी पानी:** इस बीच, कुल्लू में भारी बारिश के कारण अखाड़ा बाजार और गांधी नगर जलमग्न हो गए। सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे सड़क किनारे खड़े वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सोलंग नाला, गुलाबा, अटल सुरंग और रोहतांग में ताजा बर्फबारी के कारण प्रशासन ने नेहरू कुंड से आगे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। बनाला में भूस्खलन के कारण मनाली-कीरतपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया है। पुलिस ने बताया कि पत्थर गिरने के कारण मरम्मत का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। बर्फबारी और व्यापक बारिश के कारण आदिवासी घाटियों में कई सड़कें भी बंद हैं।

**सरवरी नाले से बाढ़ जैसे हालात:** कुल्लू शहर के बीचोंबीच बहने वाले सरवरी नाले में इतना पानी आ गया कि कई गाड़ियां इसकी चपेट में आ गई। नाले के पास खड़ी गाड़ियां पानी में डूब गई हैं। इसके पास नाले के पास लोगों के घरों में भी पानी घुस गया है।

**पार्किंग में खड़ी गाड़ियां पानी में डूबी :** जानकारी के अनुसार, सरवरी नाले के किनारे मलबा डालकर कुल्लू दशहरे के समय अस्थाई कार पार्किंग बनाई गई थी, जिसे लोग लगातार इस्तेमाल कर रहे थे। उस पार्किंग में पानी बढ़ जाने से गाड़ियां डूब गई। इसके साथ ही, गांधी नगर और आखाड़ा बाजार में भी नालों में मलबा आने से पानी का रूख बदल गया, जिससे पानी गलियों और लोगों के घरों में घुस गया।

चंडीगढ़ -मनाली राजमार्ग जगह-जगह भूस्खलन से बंद हो गया है। इसी तरह दर्जनों सड़क मार्ग, कुल्लू और मंडी जिले में बाधित हुए हैं। जबकि लाहौल स्पीति जिले में भारी बर्फबारी होने से उसका संपर्क देश दुनिया से कट गया है।

नारकंडा में बर्फबारी के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 5 (हिंदुस्तान-तिब्बत मार्ग) बंद कर दिया गया है, जबकि देहा-चोपाल और डोडरा-क्वार क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़कें भी अवरुद्ध हैं। 8,770 फीट की ऊंचाई पर स्थित खरापाथर गांव में ठियोग-हाटकोटी राजमार्ग भी बंद है।

# आगरा के युवक ने की आत्महत्या, पत्नी पर लगाया आरोप

**आगरा.**





मुंबई में एक निजी कंपनी में बतौर प्रबंधक कार्यरत, आगरा के एक युवक ने यहां कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के बाद उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है जिसमें उसने अपनी पत्नी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सदर क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनायक भोसले ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मुंबई की एक फर्म में मैनेजर और आगरा के डिफेंस कॉलोनी निवासी मानव शर्मा ने पिछले साल निकेता से शादी की थी। मानव ने 24 फरवरी की सुबह अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

**घर आते ही कर ली आत्महत्या:** उसके पिता नरेंद्र शर्मा द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, मानव (30) ने सुबह पांच बजे अपने कमरे में फांसी लगा ली। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 23 फरवरी को मानव और निकेता आगरा आये और मानव निकेता के साथ उसके माता-पिता के घर गया, जहां कथित तौर पर उसका अपमान किया गया। वह अपनी पत्नी को लेकर अपने घर वापस आया और आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार, आत्महत्या करने से पहले मानव ने अपने मोबाइल फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए दोषी ठहराया। बृहस्पतिवार को दर्ज की गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद निकेता ने एक जवाबी वीडियो बयान जारी किया। अपने वीडियो में, निकेता ने आरोप लगाया कि मानव दुर्व्यवहार करता था, खासकर नशे में होने पर और उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसे रोकने के लिए उसने हस्तक्षेप किया था। एसीपी भोसले ने बताया कि मानव का पोस्टमार्टम 24 फरवरी को किया गया था, लेकिन तब कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई थी।

मानव की बहन ने बाद में उसके फोन पर वीडियो देखा, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। एसीपी भोसले ने बताया कि मानव और निकेता के रिश्ते में खटास थी।

# अपने ही थाने से गिरफ्तार हुए थानेदार

> घसीटते हुए ले गई एसीबी की टीम

**मिर्जापुर.**



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से रिश्वतखोर पुलिसकर्मी का वीडियो सामने आया है। इस पुलिस अधिकारी को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पकड़े जाने के बाद थानेदार साहब एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम के साथ जाने के लिए तैयार ही नहीं थे। ऐसे में उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाया गया। इस घटना का मजेदार वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में घूसखोर थानेदार जोर-जोर से चिल्लाता दिखाई दे रहा है। वह चंगुल से छूटकर भागने की कोशिश भी कर रहा है, लेकिन एंटी करप्शन की टीम चील्ह थानेदार को घसीटते हुए जीप में बैठाकर अपने साथ ले जाती है।

मामला मिर्जापुर के चील्ह थाने का है। यहां के टाउन इंस्पेक्टर शिवशंकर सिंह को एसीबी की टीम उनके ही थाने से घसीटकर ले अपने साथ गयी। थानेदार साहब सफाई देते रहे, लेकिन एसीबी के अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। थाने पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मी एक किनारे खड़े होकर एक टक पूरा नजारा शांति से देखते रहे।

**रिपोर्ट लिखने के बदले मांगे थे पैसे :** पूरा मामला ये है कि चील्ह थानेदार शिवशंकर सिंह ने एक लड़की से दुष्कर्म मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए, पीड़ित के परिवार से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित लड़की के मामा ने इतनी रकम देने में जब असमर्थता जतायी तो 30 हजार में मामला तय हुआ।

पीड़िता के मामा ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से कर दी। शिकायत की जांच करते हुए एंटी करप्शन की टीम गुरुवार को दोपहर बाद चील्ह थाने के पास मंडराने लगी।

**रंगे हाथों पकड़ा :** शिकायतकर्ता ने जैसे ही 30 हजार रुपये थानाध्यक्ष को दिए। वैसे ही एंटी करप्शन की टीम भी थाने के अंदर पहुंच गई और थानाध्यक्ष को घूस की रकम के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद एंटी करप्शन की टीम थानेदार को उनके ही थाने से घसीटते हुए बाहर लाई।

थानेदार के हाथ-पैर उठाकर उन्हें अपनी गाड़ी में भरा और साथ ले गयी।

# 900 डिग्री के टेंपरेचर पर आज से जलेगा यूनियन कार्बाइड का कचरा

> पीथमपुर में तैयारी पूरी

**भोपाल.**



भोपाल के यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से पीथमपुर आया जहरीला कचरा आज सुबह 10 बजे से जलाया जाएगा। हाईकोर्ट के 18 फरवरी के निर्देश के बाद 27 तारीख से पीथमपुर की रामकी फैक्ट्री में रखे रासायनिक कचरे के निष्पादन के ट्रायल रन की तैयारी कल से ही शुरू कर दी गई थी। यहां पर 12 कंटेनर 1 जनवरी को भोपाल से पीथमपुर भेजे गए थे। इनमें विभिन्न प्रकार के अवशिष्ट मौजूद हैं। इसमें नेप्थॉल, सेवीन, रिएक्टर रेसिड्यू, पेस्टिसाइड रेसिड्यू, सेमी प्रोसैस्ड रेसिड्यू एक्सकैवेटेड सॉइल (मिट्टी) वहां की जो थी।

**तीन बार में जलाया जाएगा कचरा:** यहां मौजूद कंटेनरों में से पांच कंटेनर में रखे अवशिष्ट को आज स्टोरेज शेड में ले जाया जाएगा, जहां पांचों कंटेनर में से 10 टन प्रॉपर प्रोपोर्शन में मिलाया जाएगा। इसके बाद इसे इंसीनेटर में फीड करेंगे। फीड करने के पहले इसे टेंपरेचर में लाने के लिए 12 घंटे तक ब्लैंक में चलाएंगे यानी इसमें अवशिष्ट नहीं डालेंगे। वहीं कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए उनको मास्क, गॉगल्स और हैंड ग्लव्स दिए गए हैं। 10 टन अवशेष जलाने में करीब 72 घंटे का समय लगेगा। कोर्ट ने तीन ट्रायल के लिए कहां है। पहला ट्रायल 10 टन का होगा, जिसके तहत काम किया जा रहा है। 10 टन का दूसरा ट्रायल 4 तारीख को होगा और 10 टन का तीसरा ट्रायल 10 तारीख को होगा। इसके लिए तीन फीड रेट डिसाइड की गई है। 135 किलोग्राम पर ऑवर, दूसरा 180 किलोग्राम पर ऑवर और तीसरा 270 किलोग्राम पर ऑवर, तीनों की स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट को भेजी जाएगी।

**800-900 के टेंपरेचर पर जलेगा 10 टन कचरा :** एमपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड इंदौर के रीजनल ऑफिसर श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि माननीय हाईकोर्ट ने जो निर्देश दिए थे कि 18 तारीख से यूनियन कार्बाइड का जो अवशिष्ट रखा हुआ है उसका डिस्पोजल शुरू किया जाए। इसके ट्रायल की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिसके तहत जो कंटेनर आए थे उसमें जो अवशिष्ट थे। 5 कंटेनर खोले गए हैं, उसको स्टोरेज शेड में भंडारित किया जाएगा। पांचों कंटेनर में से 10 टन प्रॉपर प्रोपोर्शन से मिलाकर इंसीनेटर में फीड किया जाएगा। जब टेंपरेचर 850 हो जाएगा तब उसको फीड करेंगे। इंसीनेटर में प्रोसेस के समय प्राइमरी चेंबर में 850 प्लस माइनस 50 मतलब 800 से 900 के बीच में टेंपरेचर होना चाहिए। शुरू में वेस्ट डालने पर टेंपरेचर कम हो जाता है, जिसे 850 तक ले जाना होगा। सुबह 10 बजे से काम शुरू होगा।

**तीन दिन तक चलेगा कचरा जलाने का प्रोसेस :** फर्स्ट ट्रायल में तीन दिन कचरा जलाया जाएगा। इस दौरान उसमें मिट्टी निकलेगी। इसके बाद गैस आगे क्लीनिंग सेक्शन में जाएगी जो सेकेंडरी सेक्शन है। वहां टेंपरेचर 1100 से 1200 डिग्री सेंटीग्रेड होता है। वहां भी डीजल डालते हैं। वहां जलने के बाद आगे ब्लू गैस है, वह आगे बढ़ेगी जिसकी क्लीनिंग की प्रक्रिया है, जिसके तहत मल्टी साइक्लोन में जाएगी जहां बड़े पार्टिकल जो हैं वह नीचे चले जाएंगे। गैस आगे बढ़ेगी मल्टी साइक्लोन के पहले स्प्रे ड्रायर है, इससे गैस क्लीनिंग होगी। ड्राई स्क्रबर में वेट फिल्टर फिर वेट स्क्रबर इसके बाद चिमनी में जाएगा। ये पूरी प्रक्रिया करनी होगी।

**4 और 10 मार्च को दूसरा और तीसरा ट्रायल :** इसमें प्राइमरी से ठोस अवशिष्ट की राख निकलेगी, दूसरा मल्टी साइक्लोन से ठोस अपशिष्ट निकलेगा, तीसरा ड्राई स्क्रबर से निकलेगा, चौथा वेट फिल्टर से सॉलिड पार्टिकल निकलेंगे, लास्ट में वेट स्क्रबर में पानी निकलेगा। जो सॉलिड पार्टिकल निकलेंगे। उनको स्टेबलाइज करके लैंडफिल में एक अलग सेल बनाकर उसमें डाला जाएगा और उसका डिस्पोजल होगा। कोर्ट ने तीन ट्रायल के लिए कहा है। पहला ट्रायल 10 टन का होगा जो 27 तारीख से चल रहा है, 10 टन का दूसरा ट्रायल 4 तारीख को होगा और 10 टन का तीसरा ट्रायल 10 तारीख को होगा। पिछला ट्रायल 90 टन पर किया गया था।

# ट्रंप और जेलेंस्की की मुलाकात पर है दुनिया की नजर

**वाशिंगटन.**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की शुक्रवार को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे, जिसपर सबकी निगाहें टिकी हैं। इस मुलाकात में यह पता चलेगा कि ट्रंप भविष्य में रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन को अमेरिकी सहायता मुहैया कराने का वादा करेंगे या नहीं। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शिमयहाल ने पुष्टि की है कि यूक्रेन और अमेरिका एक व्यापक आर्थिक सौदे को लेकर समझौते पर पहुंच गए हैं जिसमें यूक्रेन के दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच शामिल है।

**'सुरक्षा गारंटी नहीं'** :वाशिंगटन यात्रा के दौरान जेलेंस्की का प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ एक ऐतिहासिक आर्थिक समझौता कर सकता है, जिसका उद्देश्य युद्ध से तबाह हुए यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए पैसा जुटाना है। इस संभावित समझौते को तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बरकरार हैं। दोनों नेताओं के बीच शुक्रवार को होने वाली वार्ता में इस मुद्दे पर बात हो सकती है। हालांकि ट्रंप ने अमेरिका की ओर से यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने को लेकर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है। उन्होंने इस सप्ताह पत्रकारों से कहा था, "मैं सुरक्षा गारंटी नहीं देने जा रहा। यह यूरोप पर निर्भर है।"

**पुतिन निभाएंगे वादा'**: इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें व्लादिमीर पुतिन पर भरोसा है कि वो यूक्रेन में किसी भी तरह के युद्ध विराम का पालन करेंगे।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर करारा प्रहार

> सुरक्षाबलों ने 22 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**बीजापुर/सुकमा.**



छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग जिलों से 22 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने नक्सलियों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने बस्तर क्षेत्र के बीजापुर जिले से 18 और सुकमा जिले से चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में 10 नक्सलियों को, बासागुड़ा क्षेत्र में 7 नक्सलियों और भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में एक नक्सली को गिरफ्तार किया है।

**गश्त के दौरान की कार्रवाई** :अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद उसूर, बासागुडा और भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि संयुक्त बल ने इन थाना क्षेत्रों से 18 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, सुकमा के चिंतलनार थाना क्षेत्र के रावगुड़ा गांव के जंगलों में सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों-रवा हड़मा (28), वेट्टी आयता (30), बारसे भीमा (25) और मड़कम कोसा (42) को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक, टिफिन बम, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया गया है।

**विस्फोटक लगाने वाले थे नक्सली** :अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान नक्सलियों ने पुलिस को जानकारी दी कि उन्होंने इलाके में गश्त के दौरान सुरक्षा बलों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों पर विस्फोटक लगाने की योजना बनाई थी। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में सात जिले-बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा शामिल हैं।

# पाकिस्तान के मदरसे में रमजान से पहले भीषण बम विस्फोट

**इस्लामाबाद**



पाकिस्तान के एक मदरसे में रमजान के पवित्र महीने से भीषण बम ब्लास्ट हुआ है। इसमें कई लोगों की जान चली गई है। बम विस्फोट के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के एक मदरसे में शुक्रवार को शक्तिशाली विस्फोट होने से पांच लोगों (नमाजियों) की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल रशीद ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अक्कोरा खट्टक जिले में स्थित मदरसे में यह विस्फोट हुआ। उस दौरान लोग मदरसे में नमाज पढ़ रहे थे। उन्होंने बताया कि अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं तथा मृतकों व घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। घायलों की इलाज चल रहा है।

**आतंकी संगठनों पर शक :** पाकिस्तान को आशंका है कि यह ब्लास्ट किसी आतंकी संगठन की ओर से किया गया है। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने बताया कि जामिया हक्कानिया नामक मदरसे में हुए हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी भी आतंकवादी संगठन ने नहीं ली है। उन्होंने बताया कि यह मदरसा अफगान तालिबान के साथ संबंधों के लिए जाना जाता है।

# क्रिप्टोकरेंसी की बड़ी ठगी

> उत्तर कोरिया के हैकरों ने दुबई की कंपनी को लगाया डेढ़ अरब डॉलर का चूना

**रोम.**



उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों ने दुबई की एक कंपनी को बड़ा भारी चूना लगाया है। अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों पर दुबई स्थित एक कंपनी से लगभग डेढ़ अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की इथेरियम (एक तरह की क्रिप्टोकरेंसी) चुराने का आरोप लगाया है। एफबीआई ने इसे वैश्विक स्तर पर क्रिप्टोकरेंसी (आभासी मुद्रा) की सार्वजनिक रूप से ज्ञात सबसे बड़ी चोरी में से एक बताया है।

एजेंसी के मुताबिक, 'ट्रेडर ट्रेटर' और 'लजारस ग्रुप' समूह के हैकरों ने फरवरी की शुरुआत में बाईबिट को निशाना बनाया, जो दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज में शामिल है। बाईबिट ने कहा कि हैकरों ने तथाकथित "कोल्ड" या ऑफलाइन वॉलेट के जरिये इथेरियम के नियमित हस्तांतरण में "हेरफेर" की और उसे विभिन्न ब्लॉकचेन पर मौजूद हजारों अज्ञात खातों में स्थानांतरित कर दिया। एफबीआई ने कहा कि हैकर "क्रिप्टोकरेंसी का कारोबार करने वाले एप्लिकेशन के जरिये क्रिप्टोकरेंसी की चोरी को अंजाम देते हैं, जिनमें ऐसे मालवेयर (वायरस) शामिल किए जाते हैं, जो आभासी मुद्रा की चोरी को आसान बनाते हैं।

**ठगी के लिए बनाया ब्लैकचेन:** एजेंसी ने बुधवार रात एक ऑनलाइन सार्वजनिक घोषणा में कहा कि उसका मानना है कि इस चोरी के पीछे उत्तर कोरिया समर्थित हैकरों का हाथ है। घोषणा के मुताबिक, "ट्रेडर ट्रेटर के हैकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्होंने कई ब्लॉकचेन पर मौजूद हजारों अज्ञात खातों के जरिये चोरी के कुछ इथेरियम को बिटकॉइन और अन्य आभासी मुद्राओं में बदल दिया है।"

'ब्लॉकचेन' एक साझा डिजिटल बहीखाते को कहते हैं, जो किसी मंच पर आभासी मुद्रा के लेन-देन पर नजर रखता है और उसे रिकॉर्ड करता है। एफबीआई ने कहा, "माना जा रहा है कि इन आभासी मुद्राओं को आगे भी अन्य मुद्राओं में बदला जाएगा और अंत में वैध मुद्रा का रूप दे दिया जाएगा।" उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने फिलहाल न तो चोरी की खबर और न ही एफबीआई के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया दी है। हालांकि, दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का दावा है कि उत्तर कोरिया ने पिछले पांच वर्षों में क्रिप्टोकरेंसी और अन्य आभासी संपत्तियों के रूप में अनुमानित 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर की चोरी की है।

**यूएन भी कर रहा उत्तर कोरियाई हैकरों की जांच :** संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की एक समिति ने बताया था कि वह 2017 से 2023 के बीच कथित तौर पर उत्तर कोरिया की ओर से किए गए 58 साइबर हमलों की जांच कर रही है, जिनके जरिये "देश के परमाणु हथियार कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए" लगभग तीन अरब अमेरिकी डॉलर की चोरी की गई। बाईबिट के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बेन झाऊ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में घटना की पुष्टि की।

उन्होंने पोस्ट के साथ उस वेबसाइट का लिंक साझा किया, जिसने चोरी की आभासी मुद्रा का पता लगाने और उसे अन्य एक्सजेंच द्वारा 'फ्रीज' कराने के बदले 14 करोड़ अमेरिकी डॉलर के इनाम की पेशकश की है।

# विधायकों के निलंबन को बताया 'लोकतंत्र पर प्रहार'

**नई दिल्ली.**



दिल्ली की पूर्व सीएम और विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी के 21 विधायकों के निलंबन को जनादेश का अपमान और लोकतंत्र पर प्रहार बताया। विधायकों के निलंबन की निंदा करते हुए आतिशी ने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को जानबूझकर दबाया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने दिल्ली विधानसभा में हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की, जहां उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दल के विधायकों को उनके विरोध प्रदर्शन के लिए भेदभावपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ा।

**लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन-आतिशी :** उन्होंने दावा किया कि आप विधायकों को उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना के अभिभाषण के दौरान ''जय भीम'' के नारे लगाने के बाद निलंबित कर दिया गया, जबकि ''मोदी-मोदी'' का नारा लगाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। विवाद तब और बढ़ गया जब आतिशी समेत निलंबित आप विधायकों को बृहस्तपिवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए विधानसभा परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया। विपक्षी नेता ने तर्क दिया कि इस तरह के प्रतिबंध अभूतपूर्व हैं और लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन करते हैं।

**विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है :** उन्होंने कहा, ''दिल्ली विधानसभा में यह पहली बार है कि निर्वाचित विधायकों को विधानसभा परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई।'' उन्होंने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य ''विपक्ष को दबाना और उनकी आवाज को कुचलना'' है। आतिशी समेत 21 आप विधायकों को मंगलवार को विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यालय से बी.आर.आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें कथित तौर पर हटाए जाने के विरोध में नारेबाजी करने और उपराज्यपाल के अभिभाषण को बाधित करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों को निलंबित करते हुए उन्हें मार्शल के जरिए बाहर निकालने का आदेश दिया था।

आतिशी ने विधानसभा अध्यक्ष से ''लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने'' और सभी विधायकों के लिए ''निष्पक्षता सुनिश्चित करने'' का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''माननीय अध्यक्ष महोदय, आप इस विधानसभा के संरक्षक हैं।

संरक्षक का यह कर्तव्य है कि वह सभी विधायकों के साथ समान न्याय करें, चाहे वे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के।'' इस बीच, आतिशी ने इस घटना को दिल्ली में ''लोकतंत्र की हत्या'' बताया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी पत्र लिखकर इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए समय देने का अनुरोध किया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आने के बाद भाजपा पर ''तानाशाही की सभी हदें पार करने'' का आरोप लगाया और लोकतांत्रिक मानदंडों को बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करने का आह्वान किया। विधायकों का निलंबन ऐसे समय हुआ जब विधानसभा में दिल्ली आबकारी नीति पर नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पेश की गई।